

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 187

ग्वालियर, शुक्रवार, 27 अगस्त, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## वन-टू-वन

### यूपी में हजारों करोड़ रुपये घोटालों की भेंट चढ़े सरकार के पास कोई जवाब नहीं : प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली (ए)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने गुरुवार को आरोप लगाया कि भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) की रिपोर्ट से, उत्तर प्रदेश में हजारों करोड़ रुपये घोटालों की भेंट चढ़ जाने का खुलासा हुआ है, लेकिन राज्य की भाजपा सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। उन्होंने ट्वीट किया कि कैग रिपोर्ट ने यूपी सरकार के कई विभागों में हजारों करोड़ के घोटाले उजागर किए हैं। आखिर कब तक सरकार अपने भ्रष्टाचार पर पर्दा डालेगी? उप्र की जनता के हजारों करोड़ रुपये घोटालों की भेंट चढ़ गए और सरकार के पास कोई जवाब ही नहीं है। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश प्रभारी ने बिजली के दाम को लेकर भी उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उप्र में किसानों के लिए बिजली के दाम कई बार बढ़ चुके हैं। डीजल के दाम तो 100 बार से अधिक बढ़ चुके हैं। लेकिन किसान के गन्ने के दाम में 2017 से कोई बढ़ोत्तरी नहीं हुई। आखिर किसानों के साथ ये अन्याय क्यों?

### विस्थापित हिंदू और सिख परिवारों बिलासपुर तहसील में बसाने का आदेश दें गृहमंत्री शाह

**बरेली (ए)।** उत्तरप्रदेश के जलशक्ति राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर अफगानिस्तान से भारत आ रहे हिंदू और सिख परिवारों को बिलासपुर तहसील में बसाने की पेशकश की है। औलख ने शाह को लिखे पत्र में कहा कि भारत सरकार द्वारा अफगानिस्तान से विस्थापित हिंदू और सिख परिवारों को भारत लाया जा रहा है। उन्हें बसाने के लिए बिलासपुर तहसील में जमीन देने के लिए स्थानीय निवासी तैयार हैं। उन्होंने कहा कि विस्थापित हिंदू और सिख परिवारों के भरण-पोषण के लिए कृषि योग्य भूमि भी उपलब्ध होगी, जिससे वह अपना जीवन यापन कर सकते हैं। राज्यमंत्री ने गृह मंत्री शाह से अनुरोध किया कि वह विस्थापित हिंदू और सिख परिवारों को बिलासपुर तहसील में बसाने के संबंध में आदेश दें।गौरतलब है कि अफगनिस्तान पर तालिबान का कब्जा होने के बाद से बड़ी संख्या में हिंदू और सिख परिवार भारत आ रहे हैं।

### गौतम गंभीर फाउंडेशन और आप के दो नेताओं से जुड़े मामले की सुनवाई 5 माह के बाद

**नई दिल्ली (ए)।** दिल्ली की अदालत ने गौतम गंभीर फाउंडेशन और आप के दो नेताओं द्वारा कोरोना दवाओं के कथित अवैध भंडारण और वितरण से संबंधित मामले में सुनवाई गुरुवार को पांच माह के लिए स्थगित कर दी। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट प्रीतु राज मामले की सुनवाई 7 फरवरी, 2022 को होगी। औषधि नियंत्रण विभाग ने औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम की धाराओं के तहत गौतम गंभीर फाउंडेशन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक प्रवीण कुमार और इमरान हुसैन के खिलाफ भी दो अलग-अलग शिकायतें भी दर्ज की गई हैं। जुलाई में न्यायाधीश ने सभी को समन जारी कर 26 अगस्त को अदालत में पेश होने का आदेश दिया था। न्यायाधीश ने कहा कि शिकायतकर्ता प्रथम दृष्टया अपराध को साबित करने में सक्षम है। अदालत ने 26 जुलाई के अपने आदेश में कहा था कि अभियोजन पक्ष का मामला यह है, कि गौतम गंभीर और फाउंडेशन के अन्य लोगों ने 22 अप्रैल, 2021 से 18 मई, 2021 तक आयोजित चिकित्सा शिविर के दौरान कथित तौर पर फेविपिरावीर टैबलेट और मेडिकल ऑक्सीजन का भंडार और वितरण किया। आदेश में कहा गया था कि दोनों आप नेता हुसैन और कुमार क्रमश~ 25 अप्रैल से 5 मई और 4 मई से 19 मई तक मेडिकल ऑक्सीजन के भंडारण और वितरण में शामिल थे।

### रीढ़ से जुड़ी समस्याओं में बढ़ोतरी के बीच चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम करेगी चर्चा

**नई दिल्ली (ए)।** कोरोना महामारी के दौरान रीढ़ से जुड़ी समस्याओं में बढ़ोतरी के बीच भारत, जापान और कनाडा के चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम तीन दिनों के कार्यक्रम में लाइव सर्जरी कर विषय से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेगी।आयोजकों ने बताया कि एसोसिएशन ऑफ स्पाइनल सर्जन ऑफ इंडिया (एएसएसआई) की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में 25 अंतरराष्ट्रीय और 50 से अधिक भारतीय डॉक्टर अपने विचार साझा करने वाले है। इसका आयोजन स्पाइनल कोर्ड सोसायटी और इंडियन स्पाइनल इंजूरी सेंटर के सहयोग से हो रहा है। इसने बयान जारी कर कहा कि महामारी के दौरान रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्याएं बढ़ी हैं, जिसके तहत एएसएसआई 27 अगस्त से तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है जिस दौरान निर्देशन पाठ्यक्रम का आयोजन होने के साथ रीढ़ की लाइव सर्जरी की जाएगी।

## उड्डयन मंत्री सिंधिया ने हवाई अड्डों के विकास में के लिए 5 राज्यों के मुख्यमंत्रियों से व्यक्तिगत हस्तक्षेप की मांग की



**नई दिल्ली (ए)।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर उनके राज्यों में विमानन बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए क्षेत्रीय वायु सम्पर्क निधि न्यास (आरएसीएफटी) में धन जमा करने और अंतर्राष्ट्रीय उड़ान संचालन आदि के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) की सहायता हेतु भूमि आवंटन अधिकारियों जैसे विभिन्न मामलों में तेजी लाने के लिए कार्रवाई शुरू करने का निर्देश देने के लिए उनसे व्यक्तिगत हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। भारतीय विमानन प्राधिकरण (एएआई) ने देश में बढ़ती यात्री मांग को पूरा करने के लिए अगले 4-5 वर्षों में 20,000 करोड़ रुपये की लागत से देश में हवाई अड्डों के विकास और विस्तार की शुरुआत की है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस.जगन मोहन रेड्डी को लिखे पत्र में श्री सिंधिया ने उल्लेख किया है कि यद्यपि राज्य सरकार पहले ही अधिकांश हवाई अड्डों में आवश्यक भूमि की मात्रा उपलब्ध करा चुकी है। तिरुपति में रनवे के विस्तार और अन्य परिचालन आवश्यकताओं के लिए कुछ और भूमि का हिस्सा अर्थात 14.31 एकड़ भूमि, राजमुंदरी में आवासीय कॉलोनी के निर्माण के लिए 10.25 एकड़ और रनवे और कडप्पा में पहुँच प्रकाश प्रणाली (एप्रोच लाइटिंग सिस्टम) के विस्तार के लिए 50 एकड़ जमीन भी राज्य सरकार द्वारा भारतीय विमानन प्राधिकरण को अभी तक सौंपी जानी बाकी है। मंत्री ने प्रकाश डाला कि राज्य सरकार द्वारा विजयवाड़ा हवाई अड्डे पर 4000 मीटर तक रनवे के विस्तार के साथ-साथ एप्रोच लाइटिंग सिस्टम के लिए एलुरु नहर को वहां से हटाए जाने जाने की आवश्यकता है। साथ ही मंत्री महोदय ने यह भी कहा कि आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए क्षेत्रीय वायु सम्पर्क निधि न्यास (आरएसीएफटी) में व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) के 20 प्रतिशत अंश के रूप में जल्द से जल्द 14.64 करोड़ रुपये की राशि में जमा करने की आवश्यकता है। श्री सिंधिया ने कहा कि ÷राज्य सरकार अंतर्राष्ट्रीय उड़ान संचालन (विशाखापत्तनम - दुबई) के लिए शत प्रतिशत वीजीएफ सहायता प्रदान करने के लिए अपनी सहमति दे सकती है।

### वैट की दर कम करने से राज्यों में हवाई यात्रा को बढ़ावा मिलेगा: मंत्री सिंधिया

**नई दिल्ली (ए)।** हवाई यात्रा को बढ़ावा देने के लिए, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 22 राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर राज्यों के सभी हवाई अड्डों पर एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर मूल्य वर्धित कर (वैट) को 1 प्रतिशत से 4 प्रतिशत की सीमा के भीतर युक्तिसंगत बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने अपने पत्र में राज्यों के आर्थिक विकास में तेजी लाने की दृष्टि से हवाई यात्रा और संपर्क को बढ़ावा देने के साझा इरादे को आगे बढ़ाने के लिए कहा है। एटीएफ की कीमत एयरलाइंस परिचालन लागत का एक प्रमुख घटक है और इस पर लगने वाला टैक्स इसकी कीमत निर्धारित करने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इस मुद्दे का समाधान राज्यों में हवाई संपर्क बढ़ाने के प्रयास में बेहद मददगार साबित हो सकता है। केरल, आंध्र प्रदेश, मेघालय, नागालैंड, सिक्किम और तेलंगाना जैसे प्रगतिशील राज्यों का उदाहरण देते हुए मंत्री ने लिखा कि इन राज्यों ने वैट को एक प्रतिशत और उससे भी कम कर दिया है। नतीजतन, उन्होंने अपने राज्यों में विमानों की आवाजाही की संख्या में पर्याप्त बढ़ोत्तरी देखी है। उदाहरण के लिए, केरल सरकार ने एटीएफ पर वैट 25 प्रतिशत से घटाकर 1त्न कर दिया है। इसके बाद, तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर विमानों की आवाजाही की संख्या 21,516 उड़ानों से बढ़कर 23,566 हो गई है।

## पुलिस अफसरों और सत्तारूढ़ पार्टियों का गठजोड़ चिंताजनक : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली (ए)।** देश की सर्वोच्च अदालत ने पुलिस अफसरों के सत्तारूढ़ पार्टियों के साथ गठजोड़ को लेकर गंभीर चिंता जताई है। शीर्ष कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश एनवी रमना ने कहा कि देखा जा रहा है कि पुलिस के अधिकारी सत्ता में मौजूद राजनीतिक पार्टी का फेवर करते हैं और सत्ता पक्ष के विरोधियों के खिलाफ कार्यवाही करते हैं। बात यहीं खत्म नहीं होती जब विरोधी पक्ष के लोग सत्ता में आते हैं तो उन्हीं पुलिस अफसरों पर कार्यवाही करते हैं। देश में इस तरह का जो ट्रेंड दिख रहा है वह काफी परेशान करने वाला है।

इसके लिए पुलिस विभाग को ही जिम्मेदार ठहराना चाहिए। पुलिस को चाहिए कि वह कानून के शासन पर टिके रहें। वह सत्ता और विपक्ष किसी के साथ न होकर स्वतंत्र रूप से काम करें। पुलिस महकमे में जिस तरह का ट्रेंड दिखाई पड़ रहा है उसे रोकने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणी छत्तीसगढ़ के निलंबित अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक गुरजिंदर पाल सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। हालांकि कोर्ट ने गुरजिंदर पाल को राहत देते हुए राज्य पुलिस को आदेश दिया कि वह अगले चार हफ्तों तक राजद्रोह और आय से अधिक संपत्ति के मामले में उन्हें गिरफ्तार नहीं करेगी। इस संबंध में राज्य सरकार को भी नोटिस जारी किया गया है और पुलिस अधिकारी से जांच में सहयोग करने को कहा गया है।

## ये देश की संपत्ति हैं, पीएम मोदी या फिर भाजपा की नहीं, जो बेंच रहें हैं : ममता



**कोलकाता (ए)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राष्ट्रीय मौद्रिकरण पाइपलाइन (एनएमपी) नीति को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधकर दावा किया कि यह देश की संपत्ति बेचने की साजिश है।ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या भाजपा की संपत्ति नहीं हैं।तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने एनएमपी को चौंकाने वाला और दुर्भाग्यपूर्ण फैसला करार देकर आरोप लगाया कि इन संपत्तियों को बेचने से मिले पैसों का इस्तेमाल चुनाव के दौरान विपक्षी दलों के खिलाफ होगा। ममता ने कहा कि हम इस चौंकाने वाले और दुर्भाग्यपूर्ण फैसले की निंदा करते हैं। ये संपत्ति देश की हैं। ये न तो मोदी की संपत्ति हैं और न ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की। वे (केंद्र सरकार) अपनी मर्जी से देश की संपत्ति को नहीं बेच सकते। उन्होंने कहा कि पूरा देश जनविरोधी फैसले का विरोध कर एक साथ खड़ा होगा। उन्होंने कहा, भाजपा को शर्म आनी चाहिए। किसी ने उन्हें हमारे देश की संपत्ति बेचने का अधिकार नहीं दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने छह लाख करोड़ रुपये की राष्ट्रीय मौद्रिकरण पाइपलाइन की घोषणा की थी।

ममता के आरोपों पर प्रतिक्रिया देकर भाजपा की बंगाल इकाई ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस सरकार कैसे राज्य सरकार की संपत्तियों को बेच सकती है अगर वह देश की संपत्तियों को लेकर चिंतित है। भाजपा प्रवक्ता शामिक भट्टाचार्य ने कहा,अगर वे देश की संपत्तियों को लेकर इतने चिंतित हैं,तब उनकी सरकार ने गत 10 साल में राज्य की कई संपत्तियों को क्यों बेचा? वे किसकी संपत्ति थी...तृणमूल कांग्रेस की या राज्य सरकार की? तृणमूल कांग्रेस को पहले इसका जवाब देना चाहिए।ममता ने राज्य को विभाजित करने की मांग को लेकर भाजपा नेताओं के एक वर्ग पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, भाजपा विधानसभा चुनाव हार गई, लेकिन इसके बाद भी उनके केंद्रीय नेता दैनिक यात्रियों की तरह बंगाल की यात्रा कर रहे हैं। अब, वे हमारे राज्य को विभाजित करना चाहते हैं। पिछले महीने केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल हुए राज्य से भाजपा सांसद जॉन बारला नेजून में सभी उत्तर बंगाल जिलों को शामिल करते हुए एक अलग केंद्रशासित प्रदेश बनने की मांगकर तर्क दिया था कि इस क्षेत्र में पिछले एक दशक में शायद ही कोई विकास हुआ है।

## देश के किसानों के लिए धर्मयुद्ध की तरह है 5 सितंबर को होने वाली महापंचायत : टिकैत




**नई दिल्ली (ए)।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने बड़ा बयान किया है। चौधरी नरेश टिकैत ने साफ तौर पर कहा कि आने वाले 5 सितंबर को मुजफ्फरनगर में जो महापंचायत होने वाली है वह देश के किसानों के लिए धर्मयुद्ध की तरह है। उन्होंने कहा कि देश के किसान पिछले 9 माह से लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं, मगर सरकार उनकी मांगों पर गौर नहीं कर रही है।

नरेश टिकैत ने कहा जो लोग किसान आंदोलन की बुराई करने की कोशिश कर रहे हैं और इसे गलत ठहरा रहे हैं वह किसान कहलाने के हकदार नहीं है। उन्होंने कहा आंदोलन से जुड़े लोगों के बीच मनमुटाव पैदा करने की कोशिश की जा रही है। हम सारे गिले-शिकवे को भूल कर महापंचायत को सफल बनाने में लगे हैं। आपको बता दें कि 5 सितंबर को मुजफ्फरनगर में किसान आंदोलन को लेकर महापंचायत होने वाली है। इस पंचायत के जरिए आंदोलन को लेकर आगे की रणनीति तय की जाएगी। नरेश टिकैत ने दावा किया कि यह महापंचायत किसी भी स्थिति में स्थगित नहीं की जाएगी। टिकैत ने कहा किसान आंदोलन की बुराई और गलत ठहराने वाला व्यक्ति सर्च अखबारों में या मीडिया में बयान दे रहा है। उनके ऐसा करने से हम पीछे नहीं हटेंगे और यह धर्म युद्ध नहीं टलेगा। नरेश टिकैत ने मेरठ से दिल्ली के गाजीपुर बॉर्डर के लिए किसान ट्रैक्टर रैली की शुरुआत करते हुए कहा किसान कृषि कानूनों को लेकर अपनी मांग माने जाने तक घर वापसी नहीं करेंगे और अब 2022 के चुनाव में भी सोच-समझ कर फैसला लेंगे। मेरठ के सिवाया टोल प्लाजा से किसान ट्रैक्टर यात्रा के दिल्ली के गाजीपुर बॉर्डर रवाना होने से पहले किसानों को संबोधित करते हुए टिकैत ने कहा किसान अपनी मांगे माने जाने तक घर वापसी को तैयार नही हैं।







# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने की ऑटो की सवारी, गली गली में घूमकर वैक्सीनेशन के लिए किया प्रेरित





शिवपुरी।

वैक्सीनेशन के प्रति लोगों में जन जागरूकता के लिए गुरुवार को एक नया तरीका अपनाया कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने ऑटो की सवारी की। उन्होंने गली गली में घूम कर वैक्सीनेशन के लिए लोगों को प्रेरित किया। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने स्वयं ऑटो चलाया और लोगों से वैक्सीन लगवाने की अपील की। इस दौरान शहर के गणमान्य नागरिक भी इस जागरूकता अभियान में भागीदार बने। यह जागरूकता रैली शहर के कई इलाकों से होकर गुजरी। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक टीम के साथ माधवचौक से कमलागंज, ग्वालियर वाईपास, करोंदी सम्वेल, पी.जी. कॉलेज रोड से फिजीकल, गायत्री मंदिर से पुनः माधवचौक, गुरूद्वारा, राजेश्वरी रोड, अस्पताल चौराहा, कोर्ट रोड, टेकरी गर्ल्स स्कूल, 14 नम्बर कोठी, मिर्ची बाजार से अग्रवाल धर्मशाला पर रैली का समापन किया गया।अभी दो दिवसीय वैक्सीनेशन महाअभियान चलाया गया। इस महाअभियान के दौरान जिले के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लोगों ने वैक्सीनेशन केंद्र पर पहुंचकर बड़े उत्साह से वैक्सीन लगवाई। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के निर्देशानुसार पूरी टीम ने काम किया। ना केवल अधिकारी कर्मचारी बल्कि जनप्रतिनिधि समाजसेवियों ने भी वैक्सीनेशन के प्रति लोगों को जागरूक किया और प्रशासन की टीम के साथ मिलकर काम किया।

वैक्सीनेशन के प्रति जन जागरूकता के लिए शहर में ऑटो वाहन के माध्यम से प्रचार प्रसार कराया गया। इन्हीं ऑटो से कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक भी शहर का भ्रमण करने निकले और माइक हाथ में लिया और लोगों से अपील की। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने कहा कि कोरोना से सुरक्षा के लिए वैक्सीनेशन बहुत जरूरी है। कोविड की दूसरी लहर की गंभीर स्थिति हम सभी देख चुके हैं इसलिए अब हमें कोई लापरवाही नहीं करनी है। वैक्सीन के दोनों डो? लगवाना है। ना केवल अपने परिवार बल्कि अपने मित्र, पड़ोसी, रिश्तेदार सभी लोगों को प्रेरित करना है और कोविड से जंग जीतना है।

### अग्रवाल धर्मशाला में वैक्सीनेशन केंद्र का लिया जायजा

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक शहर में रैली के बाद अग्रवाल धर्मशाला में वैक्सीनेशन केंद्र का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने यहां लोगों का उत्साह वर्धन किया और वैक्सीनेशन कराने आए लोगों को बिस्किट के पैकेट वितरित किए। साथ ही लोगों का हालचाल पूछते हुए कहा कि जिन्होंने वैक्सीनेशन करा लिया है वह अन्य लोगों को भी प्रेरित करें।

## आंगनवाडी कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों को टीकाकरण के लिए कर रही है प्रेरित



नवनीत एक्सप्रेस प्रतिनिधि शिवपुरी। कोविड-19 महामारी से लोगों को सुरक्षित करने के लिए जहां जिला प्रशासन युद्धस्तर पर दिन-रात अपना कार्य कर रहा है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबा?ी कार्यकर्ता व आशा कार्यकर्ताएं भी पूर्ण रूप से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाहन करने में लगी हुई है। वहीं कोरोना महामारी को पूर्ण रूप से खत्म करने जिला प्रशासन द्वारा बनाई गई संकट प्रबंध समिति भी घर-घर जाकर लोगों को कोविड-19 का टीकाकरण लगवाने के लिए जागरूक कर रही है। इसी तारतम्य आज ग्राम रातिकिरार(‌) की आंगनबा?ी कार्यकर्ता अनीता शर्मा ने घर-घर दस्तक देकर लोगों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित किया। साथ ही इस दौरान जिन लोगों ने मास्क नहीं लगा रखा था, उनको कार्यकर्ता ने रोककर मास्क लगाने के लिए भी समझाइश दी। और बताया कि आप लोग सबसे पहले टीकाकरण करवायें टीकाकरण से आपकी रोग-प्रतिरोधक क्षमता ब?ेगी, जिससे आपको कोरोना जैसी भयानक बीमारी से सुरक्षा मिलेगी। गांव में कई ऐसे कई परिवार भी थे जो डर के कारण टीका नहीं लगवाना चाह रहे थे, लेकिन कार्यकर्ता ने समझाइश दी तो वे टीका लगाने के लिए तैयार हो गए।भ्रमण के दौरान आंगनबा?ी कार्यकर्ता ने लोगों को समझाया कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए सभी को मास्क लगाने के साथ-साथ दो गज की दूरी भी बनाए रखनी होगी।

## अबैध रुप से रेत उत्खनन करते एक ट्रैक्टर व एलएनटी मशीन जप्त



**पुलिस एवम् माइनिंग की संयुक्त कार्यवाही**

करैरा । करैरा अनुविभाग मे अवैध रेत उत्खनन का परिवहन बहुत ही जोरो शोरो चल रहा है।

**अवैध रुप से चल रहे रेत उत्खनन की कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक शिवपुरी**

राजेश चन्देल, के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण भूरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस करैरा जी0डी0 शर्मा के मार्ग निर्देशन मे आज दिनांक 26.08.2021 को एसडीओपी महोदय करैरा के द्वारा विशेष टीम थाना अमोला एवं चौकी आमोलपठा से गठित की गई। टीम द्वारा महुअर नदी मे अवैध उत्खनन करते एक ट्रैक्टर मय ट्राली,एवं ग्राम कठेगरा से एलएनटी मशीन जप्त की गयी।

जिसमे थाना प्रभारी अमोला एसओ राघवेन्द्र यादव ,चौकी प्रभारी आमोलपठी उप निरी. पुनीत वाजपेई आर0 अर्जुन रावत,आर0 नागेन्द्र जाट, आर0 संदीप श्रीवास्तव, आर0 दामोदर भार्गव,आर0, आर0 अजेन्द्र परिहार, आर0 भीमेन्द्र गुर्जर,आर0 शिवम यादव आर0 रामलक्ष्मण, आर0 नीतेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही है। माइनिंग अधिकारियों की टीम को साथ लेकर कार्यवाही की गई।

### नानी के यहां आया प्रशांत, तलैया में डूब गया, मौत

नवनीत एक्सप्रेस प्रतिनिधि शिवपुरी। खबर जिले के बैराड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम भौराना की है जहां गुरूवार की दोपहर एक बच्चे की पास मे ही स्थित तलैया में नहाते वक्त डूबने से मौत हो गयी। इस मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की लाश को पीएम के लिए भिजवाया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार अमोला निवासी प्रशांत वघेल उम्र 9 बर्ष जोकि भौराना ग्राम में अपनी नानी के यहां आया हुआ था प्रशांत आज दोपहर करीब 1 बजे भौराना में पास में ही स्थित एक तलैया पर नहाने गया हुआ था जहां नहाते वक्त प्रशांत डूबने लगा। जिसकी जानकारी उसकी नानी व परिजनों को मिली तो परिजन प्रशांत को बैराड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां उपचार के पश्चात मृत घोषित कर दिया गया।

## बेसहारा बुजुर्ग की डायल 100 बनी सहारा

### शिवपुरी मे परिजनों से बिछकर अकेले भटक रहे बुज़ुर्ग को एफ.आर.व्ही. ने पहुँचाया वृद्धाश्रम



करैरा। जिला शिवपुरी के थाना फिजीकल क्षेत्र से स्थानीय व्यक्ति ने डायल 100 को कॉल कर सूचना दी छत्री गेट पर एक बुजुर्ग व्यक्ति मिले है जो उनके परिजनों से बिछ? गए थे । सूचना दिनाँक 25-08-2021 को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में प्राप्त हुई । शिवपुरी जिले के डायल-100 वाहन क्र.07 को तत्काल मदद के लिए रवाना किया गया । डायल-100 एफ.आर.व्ही. मे ड्यूटी पर उपस्थित प्रधान आरक्षक वीरेंद्र शर्मा और पायलेट समर खान ने छत्री गेट पर पहुँच कर बताया कि एक 75 वर्षीय बुजुर्ग भिंड जिले के रहने वाले है जो अपने परिवार वालों के साथ शिवपुरी आए थे और बिछ? गए । डायल-100 जवानों द्वारा आस पास परिजनों को तलाश किया गया कोई जानकारी नहीं मिलने पर अस्पताल चौराहे के पास मंगलम व्रद्धा आश्रम मे उनके रहने की व्यवस्था की गयी । थाना प्रभारी फिजीकल द्वारा भिंड जिले मे बुजुर्ग व्यक्ति के परिजनों से संपर्क किया गया और उन्हे शिवपुरी बुलाया गया । परिजनों के आने पर बुजुर्ग व्यक्ति को उनके सुपुर्द किया गया । इस प्रकार डायल 100 जवानों की तत्परता से अकेले भटक रहे बेसहारा बुजुर्ग को उनके अपनों से मिलाया गया ।

## फोर्ड कार में तस्करी कर रहे थे शिवपुरी के युवा, गुना में पकड़े गएः 3.12 लाख की शराब जब्त






शिवपुरी।

खबर जिले के पडौसी जिला गुना की हैं जहाँ गुना जिले में शराब तस्करी के मामले में 3 युवाओ को गिरफ्तार किया हैं,बताया जा रहा है कि यह युवा शिवपुरी जिले के निवासी हैं। उक्त युवा शराब से भरी पिकअप वाहन को फोर्ड गाडी से पिकअप कर रहे थे। फोर्ड कार आशुतोष कटियार निवासी एमआईजी 45 शिवानगर की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि 25-26 अगस्त की रात्रि में गुना तरफ से एक पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 93 सीटी 2836 में भारी मात्रा में शराब शिवपुरी की ओर अवैध तरीके से लेकर जाने एवं उक्त पिकअप वाहन को एक फोर्ड कार क्रमांक एमपी 33 सी 5554 द्वारा कबर करते हुये जाने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल पुलिस टीम ने सक्रिया हुई। बताया जा रहा है कि इस विशेष टीम गठित की गई एवं जिसे जरूरी दिशा निर्देश देकर शराब तस्करों पर कार्यवाही हेतु लगया गया। टीम द्वारा तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुये उक्त पिकअप वाहन एवं कबर करते हुये जा रही फोर्ड कार को म्याना चौराहा पुल के पास रोक लिया गया। पिकअप के चालक द्वारा अपना नाम देवीलाल पुत्र हरगोविन्द जाटव उम्र 31 साल निवासी ग्राम विरोली, थाना पिछोर, जिला शिवपुरी का होना बताया, पुलिस द्वारा पिकअप वाहन को चैक किया तो उसमें देशी प्लेन शराब की 70 पेटी व लाल मशाला की 10 पेटी कुल 80 पेटियों में 3997 क्वार्टर (720 लीटर शराब) कीमती करीबन 3,12,200 / - रूपये की शराब मिली। पिकअप वाहन को कबर करते हुये जा रही फोर्ड कार में सबार तीन लोगों द्वारा अपने नाम 1-इसरार पुत्र इस्तयाक अली उम्र 35 साल निवासी स्टेडियम रोड़ शिवपुरी, 2 अर्जुन पुत्र जगदीश शिवहरे उम्र 31 साल निवासी फतेहपुर, शिवपुरी एवं 3 सुदर्शन पुत्र जसरथ लोधी उम्र 30 साल निवासी ग्राम के?ला, थाना भौंती, जिला शिवपुरी के होना बताये। पुलिस द्वारा शराब तस्करों के पास से मिली शराब की पेटियां, पिकअप वाहन एवं फोर्ड कार को विधिवत जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना म्याना में अप.क. 311 / 21 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। शराब तस्करों से जप्त शराब एवं उनके शराब तस्करी के अन्य नेटवर्क के संबंध में पुलिस द्वारा अभी और जानकारी जुटाई जा रही है। इस प्रकार गुना पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध एक बड़ी कार्यवाही करते हुये शराब तस्करों के एक गिरोह का भंडाफोड़कर अवैध देशी शराब की 80 पेटियों में कुल 720 लीटर शराब जप्त करने में बड़ी कामयाबी हासिल की गई है। अवैध शराब के विरूद्ध इस महत्वपूर्ण कार्यवाही को अंजाम देने में म्याना थाना प्रभारी निरीक्षक आमोद सिंह राठौर, उनि अरूण सिंह तोमर, उनि अशोक सिंह कुशवाह, सउनि कल्याण सिंह यादव, सउनि जहीर खान, प्रधान आरक्षक अजेन्द्रपाल सिंह, आरक्षक कुलदीप भदौरिया, आरक्षक राजीव रघुवंशी, आरक्षक धीरेन्द्र राजावत, आरक्षक आदित्य कौरव, महिला आरक्षक शिखा राजपूत व महिला आरक्षक नेहा शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही को अंजाम देने वाली इस टीम को गुना पुलिस अधीक्षक की ओर से पुरुष्कृत किया जावेगा।

## नगरपालिका का शिवपुरी शहर के सूअर पालकों के नाम सूचना पत्र



नवनीत एक्सप्रेस प्रतिनिधि शिवपुरी। नगर पालिका परिषद शिवपुरी सीमांन्तर्गत समस्त सुअर पालकों को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा कितने सुअर किस-किस स्थान पर पाले जा रहे है उनकी सूचना नगर पालिका शिवपुरी कार्यालय के स्वास्थ्य शाखा में 07 दिवस के अन्दर आशाराम धाकड सहायक ग्रेड-3, एवं गौरव दुवे कार्यालय सहायक को दर्ज करायें। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि अन्यथा की स्थिति में नगर में पाये जाने वाले समस्त सुअरों को आवारा मानते हुए उनका निराकरण वैधानिक कार्यवाही द्वारा किया जाएगा। निर्धारित समय सीमा में सुअरपालकों द्वारा नगर पालिका में सूचना न देने पर बाद में किसी सुअर पालक का दावा स्वीकार नही किया जाएगा। यहां बता दें कि शहर में लगातार सुअरों की सख्यां में इजाफा होता जा रहा है। जिससे शहर भर में सुअर पूरे दिन धमाचौकडी करते है। इससे निजात पाने के लिए पहले शिवपुरी नगर पालिका ने शहर में सुअरों के सूटआउट के लिए हैदरावाद से टीम बुलाई थी। परंतु वह टीम पूरी तरह से शहर में सुअरों का सफाया नहीं कर पाई। जिसे लेकर शहर के अधिवक्ता विजय तिवारी और संजीब विलगैया ने कलेक्टर को नोटिस भेजकर ध्यानाकर्षण करने की कहा। उसके बाद भी सुनवाई नहीं होने की दशा में पीआईएल के माध्यम से न्यायालय जाने की बात कही है। इसी के चलते अब नगर पालिका प्रशासन नोटिस के आधार पर इनपर कार्यवाही का मूड बना रहा है। अब देखना यह है कि महज यह आदेश कागजी घोडा साबित होगा या फिर हमेशा की तरह दब जाएगा।

## आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा विक्रेताओं एवं होटल ढाबों के विरूद्ध की कार्यवाही





शिवपुरी। शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया द्वारा दिये गये निर्देशानुसार अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के आदेश तथा जिला आबकारी अधिकारी शिवपुरी वीरेन्द्र सिंह धाक? के निर्देशन मे आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा विक्रेताओं एवं होटल ढाबों के विरूद्ध विभिन्न वृत्तों में कार्यवाही की गई। वृत्त पिछोर के आबकारी दल द्वारा श्री संजय सिंह वर्मा के नेतृत्व में बुधवार को अवैध मदिरा के विक्रेताओं के विरूद्ध ग्राम बामौरकलां, अछरौनी, ब?ीमुहारी, मंण्डी पिछोर सिलपुरा कंजर डेरा आदि स्थलों पर दबिश देकर कार्यवाही करके 05 प्रकरण दर्ज किये गये। इस कार्यवाही में अलग -अलग स्थानों पर कुल 35 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त की एवं 1000 कि.ग्रा. लहॉन जप्त कर मौके पर विधिवत सेम्पल लेकर नष्ट किया गया। जप्त मदिरा एवं लहॉन का बाजार मूल्य लगभग 55 हजार 250 है।वृत्त कोलारस के आबकारी दल द्वारा तीर्थराज भारद्वाज के नेतृत्व में गुरुवार को अवैध मदिरा के विक्रेताओं के विरूद्ध बदरवास हाईवे के ढाबों कान्हा होटल, यादव ढाबा, श्रीनाथ होटल, पंजाबी ढाबा, जाट होटल, सोनू होटल, ग्राम अटलपुर, ब्रह्मथाना आदि में कार्यवाही की गई है। कार्यवाही में अलग-अलग स्थानों में 161 पाव देशी मदिरा प्लेन, 17 पाव विदेशी मदिरा गोवा व्हिस्की जप्त किये गये। जप्त मदिरा का बाजार मूल्य लगभग 17 हजार 420 है।इसी प्रकार वृत्त करैरा के आबकारी दल द्वारा विनीत कुमार शर्मा के नेतृत्व में अवैध मदिरा के विक्रेताओं के विरूद्ध ग्राम सिरसौद क्षेत्र मे शिवहरे ढाबा, केरीपेरी ढाबा, गुर्जर ढाबा, राजपूत ढाबा, पटेल ढाबा, परमार ढाबा, मुन्ना ढाबा, सिरसौद कंजर अड्डा, करैरा फिल्टर क्षेत्र में दबिश कार्यवाही की जाकर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के अंतर्गत 04 प्रकरण दर्ज किये गये। कार्यवाही में अलग-अलग स्थानों में 12 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 5.2 बल्क लीटर देशी मदिरा जप्त की गई। जप्त मदिरा का बाजार मूल्य लगभग 4 हजार 270 है।उक्त कार्यवाहियों में रामप्रताप शर्मा आबकारी उप निरीक्षक वृत्त पोहरी, मुख्य आरक्षक अखयराज सिंह यादव, मोहनलाल वैश्य,रमेश सिंह दांगी, आरक्षक गिराज आदिवासी,जगदीश कुमार, काशीराम, तथा होमगार्ड सैनिक शामिल रहे। आबकारी विभाग द्वारा अभियान चलाकर अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है।

# भिण्ड में कोरोनाकाल में बंद एवं नई रेलगाड़ियों का संचालन जल्द शुरू किया जाए : राहुल भारद्वाज



भिण्ड रेल यातायात से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर डीआरएम झांसी रेल मण्डल को

### सौंपा ज्ञापन

भिण्ड। ग्वालियर भिण्ड इटावा रेलखंड का निरीक्षण करने आये डीआरएम झांसी मण्डल आशुतोष को भिण्ड के समाजसेवियों के प्रतिनिधिमंडल ने एक अतिआवश्यक निवेदन पत्र सौंपा है। पत्र के माध्यम से डीआरएम को समाजसेवी राहुल भारद्वाज ने बताया कि कोरोना काल मे बन्द की गई कोटा-इटावा एक्सप्रेस एवं ग्वालियर- भिण्ड पैसेंजर को पुनः अविलम्ब शुरू किया जाए क्योंकि अन्य क्षेत्रों में लगभग सभी रेलगाड़ियां शुरू कर दी गयी हैं।

आगे अवगत कराते हुए बताया कि आजादी के इतने सालों बाद भी भिण्ड रेल यातायात के क्षेत्र में इतना पिछड़ा हुआ है,हमारे भिण्ड को रेल यातायात के माध्यम से भोपाल, मुम्बई, अहमदाबाद, लखनऊ, प्रयागराज, दिल्ली, जम्मू से सीधे तौर पर जोड़ा जाए क्योंकि भिण्ड चम्बल अंचल के कई लोग भारतीय फौजों में सेवाएं दे रहे हैं, रेलवे कनेक्टिविटी बढ़ने से उन्हें बहुत सहूलियत होगी। कई ट्रेनों के प्रपोजल 5-5 सालों से अटके पड़े हैं जिन पर रेल मंत्रालय का बिल्कुल भी ध्यान नहीं है।

राहुल भारद्वाज ने पत्र के माध्यम से कहा कि ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस एवं सूरत- मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस बहुत लंबा चक्कर लगाते हुए वर्तमान में संचालित की जा रही हैं जबकि वाया भिण्ड- इटावा लाइन से इन गाड़ियों को शुरू किया जाए तो शासन को राजस्व की, जनता को किराए एवं समय की बहुत बचत होगी।

डीआरएम से रूबरू होते हुए कहा कि भिण्ड का विकास तभी सम्भव है जब भिण्ड रेलवे स्टेशन पर सुविधाएं विकसित की जाएं और नवीन ट्रेनों का संचालन बढ़ाया जाए अन्यथा करोड़ों रुपये की लागत से तैयार किया गया ग्वालियर भिण्ड इटावा रेलमार्ग अर्थहीन होकर नगण्य ही माना जायेगा,इस रूट पर ट्रेनों का आवागमन कम होने से भिण्ड का विकास अवरुद्ध हो रहा है, इस विषय पर गंभीरता दिखाई जाये। इस अवसर पर प्रतिनिधिमण्डल के रूप में मनोज जैन, प्रतीक पाण्डे, शिवम दुबे, गोपाल सोनी,पारस थापक, शनि राजावत, रमाकांत कांकर, विवेक व्यास, ऋषभ शर्मा, अम्बेश थापक, प्रहलाद भदौरिया आदि सहित कई समाजसेवी युवा मौजूद रहे।

# समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर आज भिंड में, अंचल में आज से दो दिवसीय दौरे पर

भिण्ड। प्रख्यात समाजवादी चिंतक व विचारक लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक रघु ठाकुर लखनऊ से इटावा के रास्ते आज भिण्ड पहुंचेंगे उनके साथ पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम सुंदर सिंह यादव लखनऊ से चलकर भिण्ड पहुचेंगे। श्री ठाकुर रात्रि विश्राम भिण्ड विश्राम गृह में करेंगे। श्री ठाकुर दूसरे दिन 28 अगस्त को सुबह 11:30 बजे भिण्ड सर्किट हाउस पर देश, प्रदेश एवं स्थानीय समस्याओं को लेकर पत्रकार साथियों से चर्चा करेंगे। इसी के साथ श्री ठाकुर स्वर्गीय समाजवादी व पिछड़े वर्ग के नेता विद्याराम बघेल के निधन पर उनके निजानिवास स्थान मयूर विहार में, पूर्व सांसद डॉ राम लखन की चाची व रवि कुशवाह की मां के निधन पर उनके निवास स्थान झांसी मोहल्ले में, स्वर्गीय कमलेश कविता के निधन पर उनके निवास स्थान सुभाष नगर में, बबलू दीक्षित की भाभी व सर्वेश दीक्षित की पत्नी के निधन पर उनके निज निवास झांसी मोहल्ले में, बबलू मिश्रा की मां एवं स्वर्गीय सीनियर एडवोकेट श्याम नारायण मिश्रा की धर्मपत्नी के निधन पर उनके निज निवास स्थान गर्ल्स स्कूल वाली गली में, राकेश यादव परसोना वालों की मां जागेश्वर यादव की भाभी के निधन पर उनके निवास स्थान इटावा रोड 17 बटालियन में एवं देवेश शर्मा के पिता स्वर्गीय राजेश शर्मा वरिष्ठ समाजवादी नेता के निधन पर उनके निवास स्थान बस स्टैंड पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे। श्री ठाकुर रात्रि विश्राम भिण्ड में करेंगे। 29 अगस्त को सुबह 7:00

# महाअभियान के दूसरे दिवस शहरी क्षेत्र में कलेक्टर ने भ्रमण कर टीकाकरण केन्द्रों पर व्यवस्थाओं को देखा



भिण्ड । जिले में टीकाकरण महाअभियान-2 युद्ध स्तर पर चल रहा है, जिले में 281 टीकाकरण केन्द्रों पर वैक्सीनेशन किया जा रहा है। टीकाकरण की व्यवस्था जांचने के लिए कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने भीमनगर, नवादा, अटेर रोड आंगनवाडी केन्द्रों पर बनाए गए टीकाकरण केन्द्र, वाटर वर्क्स शासकीय माध्यमिक विद्यालय कॉटनजीन क्र. 2, बाल शिक्षा केन्द्र चंबल कॉलोनी टीकाकरण केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही टीकाकरण केन्द्र पर कार्य कर रहे मेडिकल स्टॉफ एवं ऑपरेटरों से चर्चा कर वैक्सीनेशन की मोनिटरिंग की। कलेक्टर ने निरीक्षण कर टीकाकरण महाअभियान के अन्तर्गत आज दूसरे दिवस हो रहे टीकाकरण की व्यवस्थाओं को देखा और उपस्थित स्टॉफ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीकाकरण केन्द्र पर आने वाले कोई भी व्यक्ति बगैर टीकाकरण कराऐ केन्द्र से नहीं छूटे।

फोटो नम्बर-04

# राजनैतिक दलों की बैठक सम्पन्न

भिण्ड । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो की बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में विगत दिवस आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण फुलपगारे, माकपा, भारतीय जनता पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं बहुजन समाज पार्टी राजनैतिक दलो के पदाधिकारी के उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सतीश कुमार एस ने राजनैतिक दलो को बताया कि मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण हेतु मतदान केन्द्रो के भवनो का भौतिक सत्यापन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा कराया गया। सत्यापन उपरांत क्षतिग्रस्त एवं एक भवन में पांच से अधिक मतदान केन्द्रों के प्रस्ताव जिले की पांच विधानसभा क्षेत्रों में से विधानसभा क्षेत्र-9 अटेर से 08 तथा विधानसभा क्षेत्र-11 लहार से 06 मतदान केन्द्रों के प्रस्ताव ईआरओ से प्राप्त हुए है। शेष तीन विधानसभा क्षेत्रों से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। प्रस्तावों को उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवलोकन हेतु प्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुत किये गये। जिस पर चर्चा उपरांत सभी प्रस्तावों पर सहमति हुई।

### एग्री क्लीनिक एण्ड एग्रीबिजनेस सेन्टर हेतु व्यवसायिक प्रषिक्षण हेतु साक्षात्कार 04 सितम्बर को

भिण्ड । राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान मैनेज हैदराबाद द्वारा 45 दिवसीय निःशुल्क रहवासीय एग्री क्लीनिक एण्ड एग्रीबिजनेस सेन्टर (ए.सी.एण्ड.ए.बी.सी) व्यवसायिक प्रषिक्षण भोपाल में में आयोजित जा रहा है, जिसमें हितग्राहियों के चयन हेतु 04 सितम्बर 2021 को साक्षात्कार आयोजित है। प्रशिक्षण पश्चात आवेदकों को खाद्य प्रसंस्करण ,दुग्ध उत्पादन ,एग्री क्लीनिक, कस्टम हायरिंग ,पॉली हाउस, पषुपालन, पोल्ट्री सहित 32 चिन्हित गतिविधियों हेतु अधिकतम 20 लाख रूपये ऋण एवं नियमानुसार 36 से 44 प्रतिषत तक अनुदान की पात्रता रहेगी। कृषि संकाय में 55 प्रतिशत अंको के साथ हायर सेकन्डरी अथवा उच्च शिक्षा न्यूनतम पात्रता है, नवीन दिशा निर्देशों के अनुसार बी.एस.सी (वनस्पति विज्ञान/प्राणिविज्ञान/रसायन विज्ञान) से उत्तीर्ण युवा भी आवेदन कर सकते हैं।

### टीकाकरण महाअभियान-2

# शाम 5 बजे तक 13.67 लाख लोगों का हुआ टीकाकरण

भिण्ड । प्रदेश में टीकाकरण महाअभियान -2 के दूसरे दिन आज शाम 5 बजे तक 13 लाख 67 हजार 594 लोगों ने वैक्सीन लगवाई। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए किसी ने पहला तो किसी ने दूसरा डोज लगवाकर सुरक्षा कचव को अपनाया। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जन-प्रतिनिधि, आपदा प्रबंधन समितियाँ, स्वंय सेवी संगठन, शासकीय सेवक और आम नागरिक अपने-अपने स्तर से लोगों को वैक्सीनेशन करवाने के लिए प्रेरित करने का कार्य कर रहे हैं।

**प्रति घंटे टीकाकरण रिपोर्ट**

1. प्रातः 10 बजे तक 65 हजार दो नागरिकों का हुआ टीकाकरण
2. प्रातः 11 बजे तक एक लाख 92 हजार 848 नागरिकों का हुआ टीकाकरण
3. दोपहर 12 बजे 3 लाख 68 हजार 586 नागरिकों का हुआ टीकाकरण
4. दोपहर एक बजे तक 5 लाख 64 हजार 667 नागरिकों का हुआ टीकाकरण
5. अपरान्ह दो बजे तक 7 लाख 61 हजार 774 नागरिकों का हुआ टीकाकरण
6. अपरान्ह 3 बजे तक 9 लाख 64 हजार 995 नागरिकों का हुआ टीकाकरण
7. शाम 4 बजे तक 11 लाख 67 हजार 62 नागरिकों का हुआ टीकाकरण

# कांग्रेस सेवा दल के संस्थापक डॉक्टर एनएस हरदीकर की पुण्यतिथि मनाई



गोरमी। ब्लॉक सेबादल के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र पाराशर के के आवास पर कांग्रेस सेवा दल के संस्थापक डॉक्टर एनएस हरदीकर की 46 वीं पुण्यतिथि मनाई गई इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस को मजबूत करने की शपथ ली एवं समाज में कांग्रेस सेवा दल की अलग पहचान बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने का संकल्प लिया एवं कांग्रेस सेवा दल के संस्थापक के बताए मार्ग पर चलने की अपील की गई। इसमें उपस्थित सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र पाराशर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नरवरिया, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष जंडेल सिंह भदोरिया, जगत सिंह यादव, कांग्रेस जिला सचिव हरिओम कटारे , नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष प्रेम सिंह सखवार, वेद प्रकाश काकर, श्याम चौकीदार राजेंद्र सिंह सखवार आदि लोग उपस्थित थे।

# चोरों ने सर्राफा दुकान के ताले चटकाकर काउंटर में रखा सोना लेकर भागे

### लॉकर खोलने के समय बजने लगा पुलिस का हूटर, सुनकर भागे

भिण्ड। शहर कोतवाली थाना अंतर्गत चोरों ने सर्राफा दुकान के ताले चटकाकर सोना लूटने का प्रयास किया जब चोरों ने लॉकर तोड़ने का प्रयास किया तो पुलिस की गाड़ी का हूटर बजने लगे आनन फानन में चोरों ने कांउटर में रखा सोना ही चुराकर भाग गये। जिस कटर मशीन से ताले चटकाए गए, उसे भी आरोपी दुकान के बाहर ही छोड़ गए हैं। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस ने जब दुकान मालिक को घटना की सूचना दी तब व्यापारी मौके पर पहुंचा और कोतवाली में बदमाशों के खिलाफ शिकायती आवेदन दिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। रानी का ताल अटेर रोड पर रहने वाले अमित अग्रवाल की आंबेडकर मार्केट में ज्वैलरी की दुकान हैं। शाम 7 बजे त्योहर के कारण दुकान जल्दी बंद करके घर चले गए थे। रात में अज्ञात चोरों ने शटर का ताला गैस कटर से काट दिया। व्यापारी के अनुसार मंगलवार-बुधवार की रात में चोर करीब साढ़े 3 बजे दुकान के अंदर घुसे थे। व्यापारी अग्रवाल ने बताया कि काउंटर में रिपेयरिंग का 20 से 25 ग्राम सोना और इतना ही वजनी चांदी रखी थी। पहले चोरों ने लॉकर खोलने का प्रयास किया, लेकिन जब पुलिस की गाड़ी बाजार से गुजरी तो सायरन सुनकर चोरों ने काउंटर में हाथ मारकर जितना सोना आया, उतना उठाकर भाग गए।

# टीकाकरण महाअभियान-2 के दूसरे दिवस कलेक्टर एवं एसपी ने टीकाकरण केन्द्रो का किया निरीक्षण



भिण्ड । टीकाकरण महाअभियान-2 के अंतर्गत कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने उप स्वास्थ्य केन्द्र मेंहदा, शासकीय माध्यमिक विद्यालय दौलतपुरा (सानी), उप स्वास्थ्य केन्द्र रुरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र असवार, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दबोह, शासकीय कन्या हाईस्कूल आलमपुर, अटेर क्षेत्र के सुखवासीपुरा आंगनबाडी केन्द्र एवं मेहगांव के शासकीय माध्यमिक विद्यालय लिलोई टीकाकरण केन्द्रो का निरीक्षण कर टीकाकरण महाअभियान के अन्तर्गत आज दूसरे दिवस हो रहे टीकाकरण की व्यवस्थाओं को देखा और उन्होंने जानकारी प्राप्त की वैक्सीनेशन सेंटर पर अब तक कितना वैक्सीनेशन हो गया एवं कितना बाकी रह गया है। उन्होंने जल्द से जल्द वैक्सीनेशन पूर्ण कराने का निर्देश देते हुये कहा कि एक कर्मचारी को वैक्सीनेशन सेंटर पर बैठाकर वैक्सीनेशन करवाये जिससे जल्द से जल्द वेक्सीनेशन पूर्ण हो सके वही उन्होंने इस महाअभियान के तहत सन्देश देते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति वैक्सीन से वंचित रह गए है वह भी जल्द से जल्द वैक्सीनेशन करा कर इस महाअभियान में हमारा सहयोग करे।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने जिले के सभी लोंगों को जिन्होंने अब तक कोविड-19 का टीका नहीं लगवाया है या पहला डोज लगवा लिया है, उनसे टीका लगवाने की अपील करते हुए कहा कि यह पूरी तरह सुरक्षित है। लोग संशय में न रहें और कोविड-19 का टीका जरूर लगवायें, कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण ही एक मात्र उपाय है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर से बचने के लिए अब आप हर हाल में टीकाकरण का रक्षा कवच लें। पहले टीका फिर दूसरे काम करें।

# फूफ कला के रहवासियों को अगले माह से मिलेगा शुद्ध पानी



भिण्ड । मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की चम्बल इकाई द्वारा भिण्ड जिले के फूफ कला में एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से जलावर्धन कार्य अंतिम चरण में है। दस हजार से अधिक आबादी वाले इस कस्बे के रहवासियों को पीने के शुद्ध पानी के लिए परेशान होना पड़ता था। जलावर्धन योजना के पूरे हो जाने से यहाँ चौबीस घंटे सातों दिन पानी उपलब्ध रहेगा।

फूफ कला में जल प्रदाय कि व्यवस्था सुगम बनाने के लिए उत्कृष्ट गुणवत्तायुक्त 40 किला मीटर की पाइप लाइन बिछाई गई हैं वहीं पानी के संग्रहण के लिए दो ओवर हैड टैंक बनाऐ गए है। फूफ कला में सात नलकूपों से पानी लिया जायेगा एवं पानी को शुद्ध करने के लिए 1.65 एमएलडी का जल शोधन संयंत्र भी स्थापित किया गया है। हर घर नल से जल पहुँचाने के लिए नल कनेक्शन देने कार्य भी प्रारंभ हो गया है। लगभग 17.58 करोड़ की लागत से क्रियांवित होने वाले जलावर्धन योजना के कार्य को अगले माह सितम्बर तक पूरा करने के प्रयास है।

## पाक की मंशा

अफगानिस्तान में तालिबान के शासन के बाद यह तो साबित हो गया है कि उसमें अकेले इतनी ताकत नहीं थी कि वह देखते-देखते देश पर कब्जा करने की सोचता। तालिबान की इस मंशा को पाकिस्तान ने हवा दी और आगे बढने् का हौसला दिया। पाकिस्तान को लगता है कि अफगानिस्तान में तालिबान को काबिज कर वह भारत के खिलाफ अपनी लड़ाई में भारी पड़ सकता है। कुछ लोग इस राय से जुदा होंगे, लेकिन आज अफगानिस्तान के हालात पर पाकिस्तान में जिस तरह से खुशी जताई जा रही है, वह यह बताने के लिए काफी है कि पड़ोसी मुल्क में अब इतनी कुव्वत नहीं रह गई है कि आमने-सामने मुकाबला कर सके। खैर, तालिबान को प्रश्रय देकर पाकिस्तान अपने मंसूबे में सफल हो गया है तो इससे भारत की चिंता नहीं बढ़ी, ऐसा मानना बेमानी होगा। अफगानिस्तान के हालात पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत ने जो चिंताएं रखी हैं, उनका सरोकार सभी देशों से है। ज्यादातर देश किसी न किसी रूप में आतंकवाद और मुल्कों के टकराव से होने वाली अशांति के खतरों से जूझ रहे हैं। भारत ने साफ कहा है कि अफगानिस्तान के हालात न सिर्फ क्षेत्रीय बल्कि वैश्विक शांति के लिए भी गंभीर चुनौती बन गए हैं। भारत ने एक फिर दोहराया है कि अब किसी भी तरह से दुनिया से आतंकवाद का खात्मा करना होगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सुरक्षा परिषद के विशेष सत्र में पाकिस्तान का नाम लिए बिना उन देशों को आड़े हाथों लिया जिनका मूल काम आतंकवाद को बढ़ावा देना है। अफगानिस्तान में सत्ता पलट के घटनाक्रम से सबसे ज्यादा जो देश प्रभावित हुए हैं उनमें भारत भी है। इसलिए अब सुरक्षा परिषद में अफगानिस्तान के मुद्दे पर भारत कुछ रहा है तो उसकी अहमियत ज्यादा ही है। भारत ने जिस सबसे गंभीर मुद्दे पर वैश्विक समुदाय का ध्यान खींचा है वह आतंकी संगठनों को बढ़ावा देने वाले देशों को लेकर है। सवाल है कि इन देशों से निपटने की रणनीति क्या बने? अफगानिस्तान के हालात बता रहे हैं कि आतंकवाद से निपटने में अगर वैश्विक समुदाय ने इच्छाशक्ति नहीं दिखाई तो भविष्य में हालात और बदतर होते चले जाएंगे। दूसरे और देश भी आतंकवाद की जद में आते जाएंगे। गंभीर होते जा रहे हालात में भारत ने यह भी दोहराया है कि आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों पर कार्रवाई के लिए बनाए गए वित्तीय कार्रवाई कार्यबल को और सशक्त बनाने की जरूरत है। गौरतलब है कि इस बल ने पाकिस्तान को निगरानी सूची में डाल रखा है। यह तो पूरी दुनिया जान रही है कि दूसरे देशों की तरह भारत भी लंबे समय से सीमा पार आतंकवाद की मार झेल रहा है। अब तक अमेरिका के साथ भारत भी यही कहता रहा है कि पाकिस्तान आतंकियों के प्रशिक्षण का वैश्विक केंद्र है। वैश्विक अनुभव भी यही बता रहा है कि अफगनिस्तान में तालिबान को सत्ता तक पहुंचाने में पाकिस्तान की भूमिका भी कम बड़ी नहीं रही है। कहा जाता है कि उसने तालिबान के लिए लड़ाके तैयार किए और सैन्य मदद भी दी। ढाई दशक पहले जब तालिबान ने सत्ता पर कब्जा किया था तब भी उसे पाकिस्तान ने समर्थन दिया था। आज भी पाकिस्तान का तालिबान को खुला समर्थन है। लेकिन ज्यादा चिंता की बात तो यह है कि अबकी बार चीन, रूस, बांग्लादेश जैसे कई और मुल्क भी तालिबान को समर्थन देने से परहेज नहीं कर रहे। ऐसे में तालिबान की ताकत को बढने् से रोक पाना इतना आसान नहीं है। जहां तक सवाल है भारत का, तो तालिबान वही करेगा जो पाकिस्तान चाहेगा। जैश और लश्कर जैसे संगठन भारत के खिलाफ गतिविधियां अब तेज कर सकते हैं।

# हृदय के साथ मस्तिष्क का भी ध्यान रखना जरूरी है

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**



**दिमाग का दिल से है बड़ा गहरा कनेक्शन, एक परेशान तो दूसरा भी होता है दुखी**

रोग के स्थान दो होते हैं एक शरीर और मन .मन दुखी हो तो उसका प्रभाव शरीर पर पड़ता हैं और शरीर दुखी हो तो उसका प्रभाव मन पर पड़ता हैं .दोनों एक दूसरे के पूरक .मन स्वयं बहुत विस्त्रीत हैं उसके सम्पर्क में हमारा दिल जो शरीर का महत्वपूर्ण अंग हैं प्रभावित होता हैं उस कारण अनेक शरीरिक और मानसिक रोग होते हैं .वर्तमान में मानव समाज दोनों तरह के रोगों से संक्रमित हैं .इसके प्रभाव से बचने हमे मानसिक रोगों से बचना बहुत आवश्यक हैं आपने अक्सर लोगों को कहते सुना होगा कि हृदय का ध्यान रखें। उसके लिए अच्छी डाइट ले एक्सरसाइज करें। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हृदय के साथ मस्तिष्क का भी ध्यान रखना जरूरी है। अएक स्वस्थ शरीर के लिए हृदय का रोग मुक्त होना और मजबूत होना बेहद जरूरी होता है। इसलिए अक्सर विशेषज्ञ हृदय को स्वस्थ रखने के लिए एक बेहतर जीवन शैली, खान पान और व्यायाम करने की सलाह देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक स्वस्थ हृदय बनाने के लिए आपको अपने मस्तिष्क का भी उतना ही ख्याल रखना होगा। हाल ही में हार्वर्ड मेडिकल स्कूल की वेबसाइट पर इससे जुड़ा एक लेख प्रकाशित किया गया है। इस लेख में बताया गया है कि मस्तिष्क पर पड़ने वाले दबाव का असर हृदय पर भी पड़ता है।

इसकी वजह से हृदय रोग तक पैदा हो जाते हैं। ऐसी ही कई दूसरी रिसर्च भी हो चुकी हैं जो बताती हैं कि हृदय और मस्तिष्क दोनों का स्वास्थ एक दूसरे से जुड़ा हुआ है। रिसर्च में यह भी बताया गया है कि मानसिक विकार आपके व्यवहार पर असर डालते हैं। यही नहीं डिप्रेशन की वजह से आप अपनी दिनभर के कामकाज में भी मन नहीं लगा पाते और इसमें ही फंसते जाते हैं। आइए आज हम आपको बताते हैं कि आखिर कौन सी स्थिति मस्तिष्क और हृदय के लिए खराब हैं। साथ ही कैसे हम इन दोनों का ख्याल रख सकते हैं।

### स्ट्रेस का हृदय पर असर

आज के समय में स्ट्रेस होना बेहद स्वाभाविक है। यह आपके कार्य क्षमता को बढ़ाता है। लेकिन अगर लंबे समय तक कोई व्यक्ति लगातार तनाव में रहे तो यह आपके लिए खतरनाक हो सकता है। रोचेस्टर मेडिकल सेण्टर विश्वविद्यालय में हुई रिसर्च बताती है कि तनाव लेने से शरीर से कॉर्टिसोल नामक हार्मोन रिलीज होता है। ऐसे में जब व्यक्ति अधिक तनाव लेता है तो यह हार्मोन अधिक मात्रा में रिलीज होता है। जिसकी वजह से रक्त कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड्स, रक्त शर्करा और रक्तचाप बढ़ने लगता है। यही नहीं इसकी वजह से रक्त धमनियों में हानिकारक परत जमा होने लगता है। इससे रक्त प्रवाह में समस्या पैदा होने लगती है और स्ट्रोक आने का खतरा भी बढ़ जाता है।

**नोट** - आपको बता दें कि स्ट्रेस की वजह नींद, काम और रिश्तों में हुई अनबन भी हो सकती है। ऐसे में अधिक स्ट्रेस लेने से बचें।

### डिप्रेशन से हृदय रोग

डिप्रेशन और हृदय रोग एक दूसरे से पूरी तरह ही जुड़े हुए हैं। हाल ही में हुए शोध बताते हैं कि डिप्रेशन की वजह से कोरोनरी धमनी रोग का खतरा लगभग दोगुना हो जाता है। वहीं अन्य अध्ययनों की माने तो ऐसे लोग जो पहले से ही हृदय रोग से पीड़ित हैं। उनमें डिप्रेशन होने का खतरा तीन गुना ज्यादा होता है। इसके अलावा एक अन्य शोध में पता चला है कि हर पांच में से एक व्यक्ति डिप्रेशन का शिकार होता है। यही नहीं ऐसे लोग जो डिप्रेशन के शिकार हैं और पहले से ही किसी हृदय रोग से पीड़ित हैं। उन्हें हार्ट अटैक आने का खतरा भी अधिक रहता है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह लोग ना तो ऐसे में धूम्रपान छोड़ते हैं, ना अल्कोहल और ना ही व्यायाम करते हैं।

### बचपन का कोई बुरा अनुभव की वजह से हृदय रोग

कमजोर हृदय और हृदय रोग की एक वजह कम आयु में हुए कुछ हादसे भी हो सकते हैं। ज अ म अ कार्डियोलॉजी के एक शोध से यह पता चला है कि जिन लोगों ने बचपन में शारीरिक शोषण, यौन शोषण और घरेलू हिंसा देखी हो। उनमें हृदय रोग का खतरा अधिक होता है। साथ ही इन लोगों की हार्ट अटैक की वजह से मौत भी हो सकती है। वहीं ऐसे लोग जिन्होंने बचपन में ऐसा कुछ बुरा अनुभव ना किया हो, उन्हें हृदय रोग का खतरा कम ही होता है।

### अन्य कारण जो हृदय रोग कारण बनते हैं

ऐसे लोग जो अधिक गुस्सा करते हैं, उन्हें हृदय रोग का खतरा बना रहता है। जो लोग मन में किसी तरह की शत्रुता का भाव रखते हैं और अंदर ही अंदर एक द्वेष पाल लेते हैं। उन्हें हृदय रोग हो सकते हैं। वह लोग जो समाज द्वारा अपनाए नहीं जाते या जिन्हें अलग नजर से देखा जाता है। इन लोगों के मस्तिष्क पर इसका असर पड़ता है। जिससे हृदय रोग भी पैदा हो सकता है। ऐसे कई अन्य मनोवैज्ञानिक रोग हैं जिसकी वजह से यह समस्या हो सकती है।

### हृदय और मस्तिष्क का ख्याल रखने के उपाय

**कैलोरीज बर्न करें** - अगर आप अच्छी तरह व्यायाम करते हैं तो इसके जरिए शरीर पर तनाव का प्रभाव कम हो सकता है। इसलिए आप सप्ताह में कम से कम 150 मिनट तक थोड़ी तीव्रता वाली एक्सरसाइज जरूर करें। इसके लिए आप अपने रोजाना के व्यायाम के सत्र को 30 से 40 मिनट में विभाजित करें।

**रिश्ते बनाएं** - अगर आप कुछ लोगों से अपने रिश्ते बना सकते हैं तो जरूर अपनाएं। इन लोगों के साथ समय बिताएं और घूमने फिरने जाए। इस तरह आप खुश रहते हैं और हृदय भी मजबूत रहता है।

### मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें -

अगर आप अक्सर झल्लाए हुए या तनाव में रहते हैं तो इसकी वजह तनाव या डिप्रेशन हो सकता है। इसके लिए आप किसी डॉक्टर या विशेषज्ञ से संपर्क करें। अगर आप चाहें तो इनसे राहत पाने के लिए योग या मेडिटेशन का भी सहारा ले सकते हैं।

**नींद पर दें ध्यान** - ऐसे लोग जो सही प्रकार नींद लेते हैं उनमें तनाव और हृदय रोग का खतरा कम पाया गया है। यही नहीं हाल ही में हुए शोध बताते हैं कि बेहतर नींद की वजह से लिपिड मेटाबॉलिज्म बेहतर होता है। जिसकी वजह से व्यक्ति लंबे समय तक जीवित रहता है।

### स्वस्थ आहार -

हार्वर्ड हेल्थ के अनुसार, शोध से पता चलता है कि अगर आप अपने हृदय और मस्तिष्क का ध्यान रखना चाहते हैं तो इसके लिए हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करें। इसके अलावा आप ड्राई फ्रूट्स, बैरीज, का सेवन भी कर सकते हैं। इसके जरिए आपकी ब्लड वेसल्स सुरक्षित रहती हैं, और आप तंदुरुस्त रहते हैं।

**स्ट्रेस की वजह जाने** - जब तक आप स्ट्रेस की मुख्य वजह या कारण को नहीं जानेंगे तब तक आप इससे डील नहीं कर पाएंगे। इसलिए स्ट्रेस की मुख्य वजह

## कर्म के पाप-पुण्य में फंस जाता है जीव


ईश्वर क्षेत्रज्ञ या चेतन है, जैसा कि जीव भी है, लेकिन जीव केवल अपने शरीर के प्रति सचेत रहता है, जबकि भगवान समस्त शरीरों के प्रति सचेत रहते हैं। चूंकि वे प्रत्येक जीव के हृदय में वास करने वाले हैं, अतएव वे जीवविशेष की मानसिक गतिशीलता से परिचित रहते हैं। परमात्मा प्रत्येक जीव के हृदय में ईश्वर या नियंता के रूप में वास कर रहे हैं और जैसा जीव चाहता है वैसा करने के लिए जीव को निर्देशित करते रहते हैं। जीव भूल जाता है कि उसे क्या करना है। पहले तो वह किसी एक विधि से कर्म करने का संकल्प करता है, लेकिन फिर वह अपने ही कर्म के पाप-पुण्य में फंस जाता है। वह एक शरीर को त्याग कर दूसरा शरीर ग्रहण करता है। चूंकि इस प्रकार वह आत्मा देहांतरण कर जाता है, अत उसे अपने विगत (पूर्वकृत) कर्मों का फल भोगना पड़ता है। ये कार्यकलाप तभी बदल सकते हैं जब जीव सतोगुण में स्थित हो और यह समझे कि उसे कौन से कर्म करने चाहिए। यदि वह ऐसा करता है तो उसके विगत कर्मो के सारे फल बदल जाते हैं। इसीलिए हमने यह कहा है कि पांच तत्वों- ईश्वर, जीव, प्रकृति, काल तथा कर्म में से चार शात हैं, कर्म शात नहीं है। परम चेतन ईश्वर जीव से इस मामले में समान हैं- भगवान तथा जीव दोनों की चेतनाएं दिव्य हैं। यह चेतना पदार्थ के संयोग से उत्पन्न नहीं होती है। ऐसा सोचना भ्रांतिमूलक है। किंतु भगवान की चेतना भौतिकता से प्रभावित नहीं होती है। भगवान कहते हैं- जब वे इस भौतिक वि में अवतरित होते हैं तो उनकी चेतना पर भौतिक प्रभाव नहीं पड़ता। यदि वे इस तरह प्रभावित होते तो दिव्य विषयों के संबंध में उस तरह बोलने के अधिकारी न होते जैसा कि वे भगवद्गीता में बोलते हैं। भौतिक कल्मष-ग्रस्त चेतना से मुक्त हुए बिना कोई दिव्य-जगत के विषय में कुछ नहीं कह सकता। अत॰ भगवान भौतिक दृष्टि से कलुषित (दूषित) नहीं हैं। भगवद्गीता तो शिक्षा देती है कि हमें इस कलुषित चेतना को शुद्ध करना है।

## मौके का फायदा मोदी बाबू.... समझो इशारे.... महबूबा पुकारे.... रम..., पम..., पम...?

**ओमप्रकाश मेहता**

'अफगानिस्तान-तालिबान' घटनाक्रम ने कहां-कहां तक असर डाला है? उसका खुलासा अब होने लगा है, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म करने के दो साल बाद अब वहां के नाराज नेताओं को मोदी सरकार को खुलकर धमकाने का मौका मिला है, इस मामले में आज मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के सियासी दलों के संयुक्त संगठन 'गुपकर' की अहम् बैठक भी होने वाली हे, जिसमें भारत के आसपास के मौजूदा हालातों से जम्मू-कश्मीर कैसे फायदा उठा सकता है? इस अहम् सवाल पर गंभीर विचार-विमर्श व चिंतन होगा, वैसे राज्य के सियासी मामलों में एक-दूसरे के पूरक रहे स्थानीय सियासी दल अब अनुच्छेद 370 की पुन॰ वापसी के मुद्दें पर एकजूट हो गए है और उन्होंने गुपकर का गठन किया है, जिसकी अगुवाई फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती कर रहे हैं, अब आज इसकी अहम् बैठक है।

इस बैठक का मूल मकसद पड़ौसी अफगानिस्तान पर तालिबान द्वारा किए गए कब्जे के संदर्भ में कश्मीर में अपनी सियासी रोटी सेंकना और मोदी सरकार का विरोध करना है। इस बैठक के पहले ही महबूबा मुफ्ती ने एक विवादित बयान दिया है, जिसमें मोदी सरकार को खुलेआम धमकी देते हुए कहा गया है कि ÷कश्मीर के मामले में मोदी सरकार अभी भी नहीं सुधरी तो यहां भी अफगानिस्तान जैसे अंजाम होगा।÷ अर्थात् महबूबा जी खुलकर यह बताने का प्रयास कर रही है कि उनका तालिबान के साथ 'चोली-दामन' का साथ है और कश्मीर को यदि अनुच्छेद-370 नहीं लौटाया गया तो यहां भी अफगानिस्तान जैसे ही हालात होगें। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि कुछ सियासी मसलों को लेकर कुछ दिन पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महबूबा जी की माँ गुलशन नजीर से लम्बी पूछताछ की थी, उसी से



बौखलाकर महबूबा ने मोदी सरकार के खिलाफ धमकी भरा बयान जारी किया है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि अगर जम्मू-कश्मीर के स्थानीय नेताओं की मांग नहीं मानी गई तो फिर मोदी सरकार को गंभीर नतीजें भुगतने होंगे। अफगानिस्तान घटनाक्रम के बाद अभी तक सियासी गलियारों में जो यह आशंका व्यक्त की जा रही थी कि चीन व पाकिस्तान सिर्फ और सिर्फ भारत पर अपना दबाव बनाने के लिए तालिबान के समर्थक बने हुए है, उसे महबूबा के बयान ने हकीकत में बदल दिया है, भारत सरकार चूंकि इस अफगानी घटनाक्रम को लेकर लगातार मौन साधे बैठी है, उससे यह संदेश पूरे विश्व में फैलाने का यह प्रयास किया जा रहा है कि मोदी सरकार भी तालिबान से डरी-सहमी है और अपना मुंह नहीं खोल पा रही है। ....और सबसे बड़े आश्चर्य की बात तो यह भी है कि इतने खतरनाक देश विरोधी बयान देने के बाद भी महबूबा के खिलाफ अब तक किसी भी स्तर पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। अब क्या सरकार ÷गुपकार संगठन÷ के सामुहिक बयान का इंतजार कर रही है? किंतु यह सभी मानते है कि महबूबा के इस बयान ने जम्मू-कश्मीर की भावी डरावनी फिल्म का ट्रेलर जरूर उजागर कर दिया है, फिर सबसे अहम् बात यह भी है कि भारत की पूर्व यूपीए सरकार की तरह मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर को कभी भी गंभीरता से नहीं लिया और उसने मानवीय व मनोवैज्ञानिक तरीकों के बाद सियासी तरीकों से जोर- जबरदस्ती कर वहां के मसले हल करने की कौशिशें की, जिसका उदाहरण 370 अचानक खत्म करना है। फिर जम्मू-कश्मीर जैसे विवादित व सियासी समस्या ग्रस्त राज्य को राजनेता के हवाले कर दिया गया, जबकि यूपीए सरकारें वहां राज्यपाल या उप-राज्यपाल की नियुक्ति पर सुरक्षा सेवा (आर्मी या पुलिस) से जुड़े शख्स की करती थी, जो साम-दाम-दण्ड-भेद तरीके से वहां के स्थानीय विवादित मुद्दों को हल करते थे, किंतु अब वहां ऐसे-ऐसे उप-राज्यपाल भेजे जाने लगे जो पाक की बंदूक से कश्मीरी लाठी के मुकाबले की बात कर रहे है। ....और लाठी चार्ज को सही ठहरा रहे है, इस माहौल में आम कश्मीरी की सहानुभूति व सहयोग भारत सरकार को कैसे मिल सकते है? यह कश्मीर समस्या को गंभीरता से नहीं लेने का ताजा उदाहरण है।

# कोविड टीकाकरण में लगातार आगे बढ़ता मध्यप्रदेश

### सूडोकु नवताल- 5814

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5813 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

**डॉ. संतोष शुक्ला**

**कोविड-19 टीकाकरण के फायदे**

टीके महामारी नियंत्रण के लिए कारगर शस्त्र हैं। पूर्ण टीकाकरण पश्चात बीमारी दर में अत्यन्त कमी देखी गई है। जिन्हें दोनों टीके सही समय पर लग चुके हैं उनमें मृत्यु दर, कोविड पश्चात विकलांगता दर में आशातीत कमी पायी गयी है। टीके बीमारी से लड़ने के लिए शरीर की प्रतिरक्षक प्रणाली को मजबूत करते हैं। टीके संक्रमण दर में अत्यंत गिरावट लाते हैं। शारीरिक, मानसिक, मनोवैज्ञानिक परेशानियों से बचाते हैं। टीके बीमारी उन्मूलन में सहायक हैं। टीके ष्आउट ऑफ पॉकेटष् हर परिवार का खर्च बचाते हैं। कोरोना जैसी घातक बीमारी से बचाव के दो ही महत्वपूर्ण शस्त्र है। एक वैक्सीन और दूसरा मास्क। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान लगातार इन दोनों शस्त्रों का उपयोग कर कोरोना को हराने की अपील प्रदेशवासियों से कर रहे हैं। अब समय आ गया है कि हम सब इस अपील को जीवन में उतारें। घर के बाहर निकलते ही मास्क जरूर लगायें। इसके साथ ही 25 अगस्त से शुरू हो रहे दो दिवसीय वैक्सीनेशन महा-अभियान-2 में सक्रिय भागीदारी निभायें। निर्धारित टीकाकरण केन्द्रों में स्वयं और अपने परिजनों को वैक्सीन लगवाने के साथ ही पड़ोसियों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए जरूरी है कि सभी डबल सुरक्षा के लिये वैक्सीन का दूसरा डोज भी लगवायें।

कोविड-19 वैक्सीनेशन महा-अभियान-2 प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ आयोजित होगा, जिसमें 20 लाख व्यक्तियों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य है।

**नहीं है कोई प्रतिकूल प्रभाव**

प्रदेश में अभी तक 4 करोड़ से अधिक लोगों को टीका लग चुका है। इनमें किसी को भी गंभीर प्रतिकूल प्रभाव (साइड इफेक्ट) की रिपोर्ट टीकाकरण सेंटर में नहीं मिली है। कुछ लोगों में कोविड-19 के प्रति विभिन्न प्रकार की भ्रांतियाँ हैं। खासतौर से गाँवों और ग्रामीण क्षेत्रों में, जिनका वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है। जैसे टीका लगवाने के कुछ दिन बाद मेरे पड़ोसी की मृत्यु हो गयी, टीका लगवाने के बाद बीमार हो गये, इससे नसबंदी हो जाती है, फेफड़े खराब हो जाते हैं, टीका लगवाते ही कोरोना हो जाता है आदि। यह सब भ्रांतियाँ सत्य से कोसो दूर हैं। टीका पूरी तरह से असरकारी और हानिरहित है। आज तक कोई ऐसी दवा नहीं बनी है, जिससे किसी को बीमार किया जा सके। अफवाहों पर हमें ध्यान नहीं देना है।

**आप दें साथ तो बने बात**

टीका हमारा दोस्त है, दुश्मन नहीं। हमें डरना नहीं है बल्कि इस बात को समझना है कि टीके से ही हमने बड़ी माता (स्माल पॉक्स), पोलियो और नवजात शिशुओं में टिटनेस जैसी बीमारियों का अन्त किया है। टीका लगवाने के बाद कुछ लोगों को एक-दो दिन बुखार या बदन दर्द जैसे कुछ लक्षण आना सामान्य बात है। यह एकदम मामूली प्रभाव है, जो कुछ ही घंटों में समाप्त हो जाते हैं। शरीर का प्रतिरक्षा तंत्र विकसित होने की प्रक्रिया में यह लक्षण आना सामान्य बात है।

**कोविड-19 टीकाकरण पश्चात सामान्य प्रतिक्रियाएँ**

कुछ लोगों को टीका लगने के बाद मामूली दर्द, हल्का बुखार, थोड़ी सूजन, लालामी, दर-दरे, खुजली जैसे लक्षण आते हैं, जो 24 से 48 घंटे में खुद ही ठीक हो जाते हैं। इसलिये घबराने या डरने की कोई बात नहीं है। यह सभी लक्षण दर्शाते हैं कि बीमारी से लड़ने की ताकत शरीर में पहुँच चुकी है, इससे घबराएँ नहीं।

**दर्द या बुखार अधिक होने पर पैरासिटामोल गोली राहत दिलाती है।**

**सुई लगे स्थान पर ठंडे पानी की पट्टी लगा सकते हैं।**

**अन्य कोई तकलीफ होने पर लोअप के लिए 24 घण्टे परामर्श संपर्क नंबर-108 एवं 1075 हमेशा उपलब्ध हैं।**

**निरूशुल्क परिवहन एंबुलेंस 108 सेवा उपलब्ध है।**

टीके का नसबंदी से दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं है। यह कोरी अफवाह है। टीका लगवाने से फेफड़े खराब होने की बात भी पूरी तरह से तथ्यहीन है। फेफड़े कोरोना संक्रमण से खराब होते हैं। यह टीका तो कोरोना संक्रमण से प्रभावी सुरक्षा देता है। विशेषज्ञों के अनुसार यह टीका किशोरी बालिकाओं और महिलाओं द्वारा माहवारी के दौरान भी लगवाया जा सकता है। यह धारणा सही नहीं है कि टीकाकरण तो गर्भवती महिलाओं और शिशुओं का किया जाता है, बड़ों का नहीं। इसका माकूल उत्तर यह है कि जैसे शिशु को टीकाकरण से जानलेवा रोगों से सुरक्षा मिलती है, वैसे ही बड़ों को कोरोना संक्रमण से सुरक्षा के लिए यह टीका है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था वी आकार की रिकवरी के साथ ऊंची छलांग लगाने को तैयार

कोरोना महामारी की दो लहरों को झेलने के बाद भारत में अर्थव्यवस्था अब धीरे-धीरे पटरी पर आती दिख रही है। भारत में, अप्रैल-मई 2021 के महीनों में महामारी की दूसरी लहर का सामना करने के बाद, जून 2021 में आर्थिक गतिविधियां तेज गति से पुनः प्रारम्भ हो गई हैं, जिसका असर अब जुलाई 2021 माह के आंकड़ों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। बढ़ती घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय मांग के कारण कारखानों में कामकाज ने रफ्तार पकड़ी ली है। वित्तीय वर्ष 2020-21 में कुल कर (प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष) राजस्व 14.24 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो इससे पहले के वित्त वर्ष के मुकाबले पांच प्रतिशत अधिक है, इसके साथ ही भारतीय शेयर बाजार अब एक नए मुकाम पर पहुंच गया है। हाल ही में सेंसेक्स 54 हजार अंक के स्तर को पार कर गया, निफ्टी भी नई ऊंचाई पर कारोबार कर रहा है। भारत का मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) जुलाई 2021 माह में 55.3 रहा है जो माह जून 2021 में देश के अलग-अलग हिस्सों में लोकल लॉकडाउन के कारण 48.1 था। जुलाई 2021 माह में जीएसटी कलेक्शन 1 लाख 16 हजार 393 करोड़ रहा, सालाना आधार पर इसमें 33 फीसदी की वृद्धि आंकी गई है। देश में रोजगार के नए अवसर भी निर्मित होने लगे हैं, विशेष रूप से सूचना तकनीकि क्षेत्र में तो रोजगार के नए अवसरों की बहार आ रही है। कम्पनियों की लाभप्रदता में तेज गति से वृद्धि दृष्टिगोचर है एवं दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों की बिक्री में भी लगातार उछाल दिखाई दे रहा है। उक्त सभी संकेत कोरोना महामारी के दौरान लड़खड़ा गई भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी से हो रहे सुधार की ओर साफ इशारा कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार भी देश की अर्थव्यवस्था में तेजी से स्थिरता आती दिखाई दे रही है और अब यह वी आकार के साथ उंची छलांग लगाने को तैयार हो रही है। भारत में विदेशी मुद्रा का भंडार नित नई ऊंचाईयों को छू रहा है और अब यह 62,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी प्रतिवर्ष लगभग 7,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है एवं शेयर बाजार में पोर्ट्फोलीओ निवेश भी तेज गति से बढ़ रहा है और यह लगभग 3,200 करोड़ अमेरिकी डॉलर प्रतिवर्ष हो रहा है। नित नए आईपीओ शेयर बाजार में आ रहे हैं और बहुत अधिक सफल भी हो रहे हैं।

# द नाइट मैनेजर की हिन्दी रीमेक में ऋतिक के साथ दिखेंगी साउथ अभिनेत्री नाभा नतेश



वेब सीरीज द नाइट मैनेजर की हिन्दी रीमेक को लेकर काफी समय से ऋतिक रोशन सुर्खियों में बने हुए हैं। फेमस नॉवेल द नाइट मैनेजर पर बनी इस सीरीज को ब्रिटिश टेलीविजन की टॉप सीरीज में से एक माना जाता है। इसकी सफलता को भुनाने के लिए ही मेकर्स इसके हिन्दी वर्जन को लाने की तैयारी में जुटे हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि साउथ की चर्चित अभिनेत्री नाभा नतेश इस सीरीज में ऋतिक के अपोजिट नजर आएंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण भारतीय अभिनेत्री नाभा को इस सीरीज में ऋतिक के अपोजिट भूमिका के लिए अप्रोच किया गया है। इस संबंध में अभी आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है। साउथ की फिल्मों में इस अभिनेत्री की अच्छी-खासी लोकप्रियता है। नाभा ने साउथ अभिनेता सुधीर बाबू के साथ नन्नू दोचुकुंदुवटे से साउथ की फिल्मों में अपना पदार्पण किया था। उन्होंने साउथ इंडस्ट्री में अपने अभिनय के बदौलत खुद की पहचान बनाई है। इस सीरीज के साथ ऋतिक भी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करेंगे। द नाइट मैनेजर की हिन्दी रीमेक में खलनायक की भूमिका के लिए मनोज बाजपेयी को अप्रोच किया गया था। हालांकि, उन्होंने इस ऑफर को रिजेक्ट कर दिया था। वह इस प्रोजेक्ट में ऋतिक के अपोजिट भूमिका में दिखने वाले थे। खबरों की मानें तो डेट्स की इश्यू को लेकर मनोज ने ऐसा फैसला लिया था। उन्हें आर्म्स डीलर रिचर्ड रोपर की भूमिका के लिए अप्रोच किया गया था।

सीरीज की शूटिंग इस साल के अंत तक शुरू हो सकती है। यह सबकुछ देश में कोरोना वायरस के मौजूदा हालात पर निर्भर करेगा। ऋतिक के अन्य प्रोजेक्ट के शेड्यूल पर भी सीरीज का आगामी शेड्यूल निर्भर करेगा। इस सीरीज का निर्माण प्रॉडक्शन हाउस बनिजय एशिया द्वारा किया जाएगा। खबरों की मानें तो इस सीरीज का भारतीय संस्करण डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रसारित हो सकता है। सीरीज में ऋतिक टॉम हिडलेस्टन के किरदार को निभाते हुए दिखेंगे। इस सीरीज में हिडलेस्टन, ह्यूज लॉरी, ओलिविया कोलमैन और एलिजाबेथ डेबिकी अहम किरदार में नजर आए थे।

## जीभ पर जमी सफेद परत को साफ़ करने के लिए अपनाये ये घरेलू नुस्खे

आपने भी कई बार महसूस किया होगा कि आपकी जीभ पर सफेद मोटी परत जम गई है। ऐसे में जरूरी है कि आपको मालूम हो कि जीभ की सफाई किस तरह से की जानी चाहिए क्योंकि जीभ पर कई तरह के बैक्टीरिया जमा हो जाते हैं। जिससे मुँह में छाले जैसी गभीर बीमारिया हो जाती है। जीभ को साफ करना बहुत आसान काम है। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि आपको इसका सही तरीका पता हो। तो आइये जानते है जीभ की सफाई करने के कुछ घरेलू उपाय...



**नमक:** नमक जीभ की सफाई के लिए एक प्राकृतिक स्क्रब है। अपनी जीभ पर छोड़ा सफेद नमक छिड़कें, और फिर साफ टूथब्रश से स्क्रब करें। ध्यान रखें की टूथब्रथ मुलायम होना चाहिए। कड़े रेशों से जीभ में दर्द व छाले हो सकते हैं। इस विधि से एक हफ्ते में जीभ से सफेद परत साफ हो सकती है।

**नारियल का तेल:** एंटीसेप्टिक गुणों वाले नारियल के तेल से दिन में 2 बार कुल्ला करें। नारियल तेल का रोजाना इस्तेमाल करने से जीभ से सभी बैक्टीरिया का सफाया होता है और आपको एक साफ और गुलाबी जीभ मिलती है।

**टूथब्रश:** टूथब्रश जीभ की सफाई के लिए आसान घरेलू उपाय है। ब्रश कर लेने के बाद, टूथब्रश के पीछे के हिस्से को हल्के दबाव के साथ जीभ पर रगड़ें। तकरीबन एक से दो मिनट तक इस प्रक्रिया को करना चाहिए। ध्यान रहे, कम दबाव के साथ ही ऐसा करें, अन्यथा जीभ छिल सकती है।

**हल्दी :** हल्दी पाउडर में थोड़ा सा नींबू का रस मिला लें। इस पेस्ट को जीभ पर मलें। उंगली सी मसाज जैसी करें। कुछ देर मसाज करने के बाद गुनगुने पानी से कुल्ला कर लें। इस विधि से जीभ की सफेद परत काफी जल्दी ठीक हो जाती है।

# अलीशा पंवार ने तेरी मेरी इक जिंदरी में अपनी भूमिका के बारे में बताया



अभिनेत्री अलीशा पंवार को शो तेरी मेरी इक जिंदरी में जोगी (अध्विक महाजन) के बचपन के दोस्त अवनीत का किरदार निभाने के लिए अनुबंधित किया गया है। वह आत्मविश्वास और जुनून से भरी एक आधुनिक पंजाबी लड़की का किरदार निभाएंगी। इश्क में मरजावां और मेरी गुड़िया में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाने वाली पंवार का कहना है कि शुरू में वह इस परियोजना को स्वीकार करने के लिए उत्सुक नहीं थीं क्योंकि उनका चरित्र दो प्रमुख हस्तियों के बीच दब गया है। 25 वर्षीय अभिनेत्री आगे कहती हैं,जब मुझे इस शो में एक किरदार निभाने के लिए संपर्क किया गया, तो मुझे इसे लेने में काफी संदेह हुआ और मैंने इस चरित्र को लगभग ना कह दिया था, लेकिन मैं अवनीत की कहानी सुनने के लिए आश्वस्त थी। उसके बाद मुझे हां कहने के लिए मजबूर होना पड़ा। वह वास्तव में एक मजबूत और शक्तिशाली लड़की है जो वर्तमान कहानी में एक बहुत ही रोचक और रोमांचक मोड़ लाने के लिए तैयार है। तेरी मेरी इक जिंदरी दो अलग-अलग व्यक्तित्वों - माही (अमनदीप सिद्धू) और जोगी (अध्विक महाजन) की प्रेम कहानी है। उनकी प्रेम कहानी कई ट्विस्ट और टर्न के साथ विकसित हो रही है। माही और जोगी के जीवन में एक और दिलचस्प पहलू सामने लाना, अवनीत, जोगी की बचपन की दोस्त होगी। अलीशा अपने चरित्र के बारे में विस्तार से बताती है और बात करती है, क्योंकि वह कहती है कि यह चरित्र उसके पिछले वाले से काफी अलग है और अवनीत के साथ कोई भी आसानी से जुड़ सकता है। वो कहती हैं, मैं वास्तव में प्यार करती हूं कि कैसे चरित्र का वास्तविकता से बहुत करीबी संबंध है। आप अवनीत को किसी ऐसे व्यक्ति के रूप में पाएंगे जो बहुत प्यार करती है लेकिन ईर्ष्या भी कर सकती है। वह बहुत कुछ दे सकती है, लेकिन वह यह भी जानती है कि कैसे वापस लेना है। इसलिए मैं अवनीत की भूमिका निभाने के लिए वास्तव में उत्सुक हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि यह मेरे लिए एक शानदार यात्रा होगी।

# पति रणवीर सिंह के बराबर फीस मांगने पर बैजू बावरा से बाहर हुई दीपिका

संजय लीला भंसाली फिल्म बैजू बावरा को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल में खबर आई थी कि इस फिल्म के लिए रणवीर सिंह को कास्ट किया गया है। रणवीर के इस फिल्म में शामिल होने की पुष्टि भंसाली ने भी की थी। हाल में ऐसे कयास लगाए गए थे कि फिल्म में दीपिका पादुकोण शामिल हो सकती हैं। खबरों की मानें तो पति रणवीर के समान फीस मांगने के कारण भंसाली की बैजू बावरा से दीपिका बाहर हो गई हैं।


रिपोर्ट के मुताबिक, अपने पति रणवीर के समान फीस मांगने के कारण भंसाली की बैजू बावरा के प्रोजेक्ट से दीपिका बाहर हो चुकी हैं। एक सूत्र ने कहा, जाहिर तौर पर दीपिका ने अपने पति रणवीर के बराबर ही फीस की डिमांड की थी। न एक पैसा अधिक और न ही एक पैसा



कम। दीपिका की इस मांग को भंसाली ने खारिज कर दिया, जिसके चलते अब वह इस फिल्म का हिस्सा नहीं होंगी। यदि दीपिका इस फिल्म में शामिल हो जातीं तो, यह उनकी रणवीर के साथ राम लीला, बाजी राव मस्तानी और पद्मावत के बाद चौथी फिल्म होती। इस फिल्म में दीपिका रणवीर के अपोजिट भूमिका में दिखने वाली थीं। भंसाली प्रोडक्शन के एक करीबी सूत्र ने कहा, एक तरह से यह बेहतर ही हुआ है। भंसाली की रणवीर और दीपिका के साथ लगातार चार फिल्में हो जाती, जो अपने आप में अधिक हो जाती। क्या आपको नहीं लगता?


इस फिल्म की कहानी 1952 में आई क्लासिक फिल्म बैजू बावरा पर आधारित होगी। बैजू बावरा एक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन विजय भट्ट ने किया था। यह फिल्म 1952 में रिलीज हुई थी और इसमें मीना कुमारी और भारत भूषण जैसे कलाकार नजर आए थे। फिल्म एक संगीतकार के जीवन पर आधारित है, जो अपने पिता की मृत्यु का बदला अकबर के दरबार के नवरत्नों में से एक तानसेन से लेता है।

## चाचा अभय देओल के साथ नजर आएंगे करण, सोशल मीडिया पर किया पोस्ट



बॉलीवुड एक्टर सनी देओल के बेटे करण देओल अब जल्द ही अपने चाचा अभय देओल के साथ नजर आने वाले हैं। हाल ही में एक्टर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उनके साथ चाचा अभय देओल भी दिखाई दे रहे है। इस तस्वीर में करण अपने चाचू के साथ मुस्कुराते और पोज देते नजर आ रहे हैं। करण ने पोस्ट में बताया कि वह अपने चाचा के साथ शूट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सपने के सच होने जैसा है। शेयर तस्वीर के साथ करण ने लिखा कि मैं हमेशा मेरे पीछे खड़े रहने के लिए डिंपी चाचू को धन्यवाद दूंगा। वह हमेशा मेरे लिए एक प्रेरणा रहे हैं और उनके साथ काम करना कुछ ऐसा है जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा। करण ने आगे कहा कि वह इस अवसर के लिए बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने आगे लिखा, मैं उत्साहित हूं कि आप लोग बहुत जल्द देख पाएंगे कि हम किसके लिए शूटिंग कर रहे हैं। बता दें कि करण ने फिल्म 'पल पल दिल के पास' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। हालांकि, इस फिल्म में उन्हे कुछ ज्यादा पसंद नहीं किया गया। एक्टर के जबरदस्त प्रमोशन के बाद भी लोगों को ये फिल्म कुछ खास पसंद नहीं आई। इस बारे में करण ने बताया था कि डेब्यू के बाद उन्हें अकेला छोड़ दिया गया था। उन्होंने कहा था कि मैं अपने सारे फैसले खुद से लेता हूं। डैड (अभिनेता सनी देओल) ने कहा कि अब तुम्हें अपनी जिम्मेदारियां खुद लेनी होंगी, अपना फैसला खुद लेना होना, अपनी गलतियों से सीखना होगा। वहीं, धर्मेंद्र ने अपनी फिल्म 'अपने 2' की घोषणा कर दी है। इस फिल्म की घोषणा करते हुए हीमेन ने बताया था कि इस बार मूवी में करण देओल भी नजर आने वाले हैं।

# कांच की चीजों से जिद्दी दाग साफ करने के लिए अपनाएं ये तरीके



घर की कई चीजों को कांच से सजाया जाता है, लेकिन ऐसी चीजों को कई तरह के दागों का सामना करना पड़ जाता है। फिर चाहें बात लिविंग रूम में रखी कांच की टेबल की हो या फिर बेडरूम में रखी ड्रेसिंग टेबल के शीशे की। हालांकि, इन तरह के दाग को हटाना उतना चुनौतीपूर्ण नहीं है, जितना कि आमतौर पर माना जाता है। आइए आज हम आपको कांच की चीजों से जिद्दी दाग साफ करने के तरीके बताते हैं।

### बेकिंग सोडा का करें इस्तेमाल

कांच की चीजों से जिद्दी दाग हटाने के लिए बेकिंग सोडा का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए पहले एक हल्के गीले स्पंज पर थोड़ा बेकिंग सोडा डालकर इससे कांच की चीजों को रगड़ें। खासतौर पर जहां दाग लगे हैं वहां स्पंज को अच्छे से रगड़े। इसके बाद एक सूखे कपड़े से कांच की चीजों को पोछ दें। ध्यान रखें कि पानी से कांच की चीजें साफ न करें क्योंकि इससे उन पर पानी की दाग रह जाते हैं।

### सफेद सिरका आएगा काम

कांच की चीजों पर लगे जिद्दी दागों को साफ करने के लिए सफेद सिरका भी काफी काम आ सकता है। दागों को साफ करने के लिए बस एक कटोरी में बराबर मात्रा में सफेद सिरके के साथ पानी मिलाएं और फिर तैयार मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में भरें। इसके बाद कांच की चीजों के दाग पर सफेद सिरके के मिश्रण का छिड़काव करें। अंत में एक कपड़े से कांच की चीजों को पोंछकर साफ करें।

### शेविंग क्रीम भी है प्रभावी

आप चाहें तो कांच की टेबल, ड्रेसिंग टेबल और बाथरूम के शीशे जैसी कांच की चीजों से दाग साफ करने के लिए शेविंग क्रीम का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इसके लिए कांच की चीजों पर शेविंग क्रीम को अच्छे से लगाकर उन पर अल्कोहल युक्त क्लीनर का छिड़काव करें और फिर उन्हें किसी नरम कपड़े से पोंछ दें। ऐसा करने से घर में मौजूद कांच की चीजें बिल्कुल साफ हो जाएंगी।

### अखबार भी है कारगर

घर में मौजूद कांच की चीजों पर लगे जिद्दी दागों को कुछ ही मिनट में साफ करने के लिए अखबार का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। कांच की चीजों से जिद्दी दागों को साफ करने के लिए सूखे अखबारों का इस्तेमाल कर सकते हैं या फिर ठंडे पानी में अखबार को भिगोकर उससे कांच की चीजों को पोंछ सकते हैं। यकीन मानिए यह भी एक आसान और प्रभावी तरीका है।

## शालिनी पांडे ने अपने ट्रांसफॉर्मेशन पर किया खुलासा

रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म जयेशभाई जोरदार से बॉलीवुड में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार शालिनी पांडे का कहना है कि उन्हें हमेशा अपनी फीजिक पर भरोसा रहा है और उन्होंने कभी इस पर ध्यान नहीं दिया कि लोग क्या कह रहे है। अर्जुन रेड्डी में अपने अभिनय से प्रसिद्धि पाने वाली शालिनी का कहना है कि उन्होंने कभी भी उद्योग के लिए एक निश्चित रास्ता देखने का दबाव महसूस नहीं किया। उसने कहा कि मुझे हमेशा से अपनी फीजिक पर भरोसा रहा है और मैंने वास्तव में इस पर कभी ध्यान नहीं दिया कि लोग इसके बारे में क्या कह रहे हैं। मैं शारीरिक रूप से जिस भी चरण में थी, उससे प्यार करती थी और वास्तव में एक निश्चित शरीर के प्रकार के लिए खुद पर दबाव नहीं डालती थी। वह मानती हैं कि महिलाओं की बेवजह स्क्रूटनी की जाती है कि वे कैसी दिखती हैं। शालिनी ने कहा कि मुझे लगता है कि शारीरिक रूप से एक निश्चित तरीके से महिलाओं पर बहुत दबाव होता है और यह सही नहीं है। इसलिए, मैं वास्तव में इसे एक परिवर्तन के रूप में नहीं देखती हूं। मैं इसे एक ऐसे चरण के रूप में देखती हूं जिसे मैंने कैसे हासिल किया है। हालांकि, मैं इस बात से खुश हूं कि मैं अभी जैसी दिख रही हूं और अपने दिमाग में भी अच्छा महसूस कर रही हूं। उन्होंने साझा किया कि वह जीवन भर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रही है। अपने वजन घटाने के बारे में बात करते हुए, शालिनी ने कहा कि वजन घटाने के लिए, मुझे एक भोजन योजना मिली और सौभाग्य से मैं एक ऐसी फिल्म कर रही थी जिसके लिए भारी मात्रा में डांस रिहर्सल की आवश्यकता थी जिससे मेरा वजन कम हुआ। ऐसा कुछ भी खास नहीं है जो मैंने अपना वजन कम करने के लिए किया। लेकिन मुझे लगता है कि भोजन योजना वास्तव में अच्छी तरह से काम करती है। मैं रोजाना लगभग चार घंटे नृत्य कर रही थी और कार्डियो है जिसने मुझे बहुत मदद की। शालिनी अपनी फिल्म जयेशभाई जोरदार के बड़े पर्दे पर रिलीज होने को लेकर उत्साहित हैं। वह कहती हैं कि वह सिनेमाघरों में अपनी फिल्म की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं और उम्मीदों के दबाव को महसूस नहीं कर रही हैं।




वन-टू-वन



## मेवाड़ा सुथार समाज का शिक्षा जागरूकता अभियान

पुष्पाजंली टुडे

उदयपुर - मेवल क्षेत्र के लोदा गांव में मंगलवार को श्री विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण में श्री विश्वकर्मा मेवाड़ा सुथार समाज विकास संस्थान उदयपुर संभाग के बैनर तले आयोजित शिक्षा जागरूकता अभियान कार्यक्रम श्री विश्वकर्मा सुथार समाज विकास समिति मेवल क्षेत्र के सानिध्य से वरिष्ठ समाजबंधुओं की मौजूदगी में संपन्न हुआ । कार्यक्रम के तहत मेवल क्षेत्र से समाज के 90 ॒ फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 35 विद्यार्थियों को ट्राफी देकर कर सम्मानित किया गया इस दौरान उदयपुर से पधारे हुए संस्थान के पदाधिकारियों एवं वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे एवं सरल शब्दों में जीवन में शिक्षा के महत्त्व को समझाया व शिक्षा के प्रारम्भरीक स्तर के बाद विषय चयन में छात्र - छात्राओं को होने वाली दुविधा एवं इसके आगे के अध्यनन की जानकारियां दी । साथ ही बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि समाज मे शिक्षा स्तर को बढ़ाने हमे काफी मेहनत की जरूरत है और इसके लिए सामाजिक स्तर पर प्रयास होने चाहिए । इस मौके पर संस्थान के पदाधिकारी गोर्वधन सुथार , महासभा अध्यक्ष शंकर लाल सुथार, डालचंद सुथार , मदनलाल सुथार, मोतीलाल सुथार ,हेमंत उषाणीया , मेवल बैठक अध्यक्ष कार्यकर्ताओ मेवल बैठक अध्यक्ष जगनाथ सुथार , महासचिव नारायण लाल सुथार एवं कार्यकताओ समेत समाज के गणमान्य समाजबंधुओं व छात्र - छात्राएं एवंअभिभावकों की उपस्थिति रही । इस दौरान मंच संचालक जगदीश सुथार बम्बोरा और गणेश सुथार करावली द्वारा किया गया ।

## सफाई कर्मचारियों को वार्षिक वेतन वृद्धि के लिए यूनियन के अध्यक्ष ने लिखा कलेक्टर को पत्र'



दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन तथा ह्यूमन राइट्स एंड लेवर वेलफेयर एसोसिएशन ट्रस्ट के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गुडडू संजय वाल्मीकि ने भिंड कलेक्टर सतीश कुमार एस को पत्र लिखकर भिंड जिले के नगर पालिकाओं एवं नगर परिषदों में पदस्थ सफाई कर्मचारीयों को वार्षिक वेतन वृद्धि एवं समयमान वेतनमान का भुगतान किए जाने की मांग की। पत्र के माध्यम से एडवोकेट श्री वाल्मीकि ने बताया है कि भिंड जिले के नगरीय निकायों में करीब 2 वर्ष से अधिक समय स्थाई सफाई कर्मचारीयों को वार्षिक वेतन वृद्धि भुगतान एवं समयमान वेतनमान का भुगतान नही किया गया है जिससे सफाई कर्मचारीयों को आर्थिक समस्यायों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए सफाई कर्मचारीयों को शीघ्र समयमान वेतनमान का भुगतान एवं वार्षिक वेतन वृद्धि का भुगतान किए जाने की कार्रवाई की जाए।

## दतिया बड़े धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन उप संपादक संदीप प्रधान जी के बेटे का छठवां जन्मदिन



दतिया / परिवार सहित चाहने वालों की उमड़ी भीड़ केक काटकर मनाया गया जन्मदिन और कान्हा प्रधान को सभी लोगों ने अपना आशीर्वाद दीया और मां पीतांबरा माई की कृपा सदैव हमारे उप संपादक संदीप प्रधान जी के बेटे पर बनी रहे इन्हीं कामनाओं के साथ सभी लोगों ने बर्थडे पार्टी का इंजॉय किया

## जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस 28 अगस्त को माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर होगा आयोजन

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर

एटा। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सूचित किया है कि शासन द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुपालन में माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में 28 अगस्त शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक थाना समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निस्तारण किया जाना शासन की सर्वाच्च प्राथमिकता है। शासन द्वारा यह अनुभव किया जा रहा है कि ज्यादातर समस्यायें राजस्व एवं पुलिस विभाग के समन्वय से निस्तारित की जा सकती हैं। इसके लिए थाना सर्वाधिक उपयुक्त स्थल हो सकता है, क्योंकि अधिकांश समस्यायें भूमि विवाद दबंग व्यक्तियों द्वारा उत्पीडन, शारीरिक हिंसा तथा जोर जबरदस्ती से संबंधित होती है। थाना स्तर पर अन्य पक्ष तथा राजस्व एवं पुलिस विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में पक्षकारों की एक सुनवाई कर अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निदान सम्भव हो सकता है।

# उत्तर मध्य रेलवे झांसी मंडल जोन के महाप्रबंधक ने भिंड रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया

### (डॉ गुप्ता ने झांसी मंडल के महाप्रबंधक को पुरानी रेलवे लाइन पर बनी गौशाला यथावत रखने का रखा प्रस्ताव)

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । उत्तर मध्य रेलवे झांसी मंडल जॉन के महाप्रबंधक आशुतोष ने भिंड रेलवे मुड़िया खेड़ा वे स्टेशन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया उनके साथ विभागीय अधिकारियों के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता भारतीय रेलवे प्रयागराज जोन के सदस्य डॉ सुशील गुप्ता अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत मुड़ियाखेरे स्थित भिंड रेलवे स्टेशन पर पहुंच कर जहां डॉ गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के महाप्रबंधक को स्टेशन के विकास को आगे बढ़ाने के लिए 10 सूत्री ज्ञापन भी सौंपा और उन्होंने भिंड पुरानी रेलवे लाइन पर संचालित गौशाला को नहीं हटाए जाने के लिए भी चर्चा कर उनके संज्ञान में रखी और कहा कि भारत सरकार भिंड रेलवे स्टेशन को अपनी योजनाओं के माध्यम से जनता को सभी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए बढ़ रही है 7 वहीं क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय ने भी केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र के माध्यम से नवीन गाड़ियों को भिंड रूट पर चलाने का ध्यान आकर्षित कराया ताकि जनता एवं व्यापारियों को यात्रा करने में सुविधाएं मिल सकें 7

रेलवे प्रयागराज जोन के सदस्य डॉ सुशील गुप्ता ने झांसी जोन के महाप्रबंधक से स्टेशन विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके इसके लिए ने अवगत कराया -

50ष्ट क्रॉसिंग गेट अटेर के लिए जाता है वहां ओवरब्रिज बनाया जाए क्योंकि यहां अक्सर जाम लग जाता है, इटावा एंड पर अक्सर पानी भर जाता है जिसे निकालने की व्यवस्था की जाए, इसके ऊपर टीन सेट लगाने



की व्यवस्था की जाए, नया स्टेशन बनाया गया है यहां पर कोई अप्रोच रोड की व्यवस्था नहीं है, नई बिल्डिंग के सामने बैठने एवं टीम सेट की कोई व्यवस्था नहीं है वह पीने के पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं है, नई स्टेशन बिल्डिंग पर कोई भी स्टेशन प्रबंधक व आगंतुक के लिए कोई गेस्ट हाउस की कोई सुविधा नहीं है सर बुकिंग रूम है, कोई नई ट्रेन इसलिए नहीं चल पा रही है क्योंकि ग्वालियर से उदी मोड़ तक रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन का कार्य पूर्ण नहीं है वह सोनी स्टेशन अभी तक नया ड्डष्ठ/श्वढ्ढ नहीं हो पाया है, ट्रेन -

i). ग्वालियर-इटावा पैसेंजर -- इटावा के लिए 8:15 व ग्वालियर जाने के लिए 10:45

ii). झांसी-इटावा एक्सप्रेस -- - इटावा जाने के लिए 20:30 व ग्वालियर जाने के लिए 5:38

iii). रतलाम-भिंड एक्सप्रेस -- - रतलाम से भिंड के लिए 9:50 व भिंड से रतलाम जाने के लिए 17:20,

रेलवे सलाहकार बोर्ड के सदस्य डॉ गुप्ता ने कहा आगामी दिनों में प्रयागराज जोन की बैठक आयोजित की गई है जिसमें भिंड रेलवे स्टेशन के विकास के लिए सुझाव रेलवे बोर्ड अधिकारियों के समक्ष रखूंगा ताकि समस्याओं का समाधान शीघ्र हो सके ।रेलवे बोर्ड सलाहकार समिति के सदस्य डॉ गुप्ता ने महाप्रबंधक को ज्ञापन देते हुए बताया की राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगा हुआ है उसके चारों ओर सुंदर पार्क का निर्माण कराया जाए जिसमें लोगों के बैठने के लिए एक अच्छा स्थान स्टेशन पर बने वहीं भाजपा युवा नेता राहुल भारद्वाज ने महाप्रबंधक के समक्ष ज्ञापन के माध्यम से भिंड से कई नई रेलगाड़ियों को चलाए जाने के लिए मांग पत्र दिया ।इस अवसर पर मंडल महामंत्री प्रतीक पांडे रवि बाजपेई गोपाल सोनी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## मां-बाप बेटे के पैर में नकली पट्टी बांधकर मांग रहे थे भीख, आरक्षक ने पट्टी खुलवाई तो हकीकत आई सामने

उज्जैन(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक)

उज्जैन के रामघाट क्षेत्र में नकली भिखारी का मामला सामने आया है. यहां मां-बाप ही बेटे को अपाहिज बताकर भीख मंगवा रहे थे. मां-बाप ने बच्चे के पैर में पट्टी और प्लास्टर बांध रखा था और ट्राइ साइकिल पर बैठकर भिक्षावृत्ति करे थे. इसका खुलासा वहां ड्यूटी पर तैनात एक सुरक्षा कर्मी ने किया. जिसका वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

दरअसल, मामला शिप्रा नदी के किनारे रामघाट का है. वीडियो बुधवार का बताया जा रहा है. जहां एक ट्राई साइकिल पर बैठा मासूम और उसके पैर में बंधी पट्टी का सहारा लेकर उसके मां बाप लोगों से मदद की भीख मांग रहे थे. इस बीच शहर के ही रहवासी और सुरक्षाकर्मियों ने मां बाप और बच्चे को रोककर बच्चे की पट्टियां खुलवाने को कहा. पहले तो शातिर पिता आनाकानी करने लगा, लेकिन जब डंडे के बल पर बच्चे की पैरों में बंधी पट्टियां खुलवाई तो बच्चे ने दौड़ लगा दी।



बता दें कि यहां ड्यूटी पर तैनात पुलिस जवान मोहन परमार को जानकारी लगी की एक छोटे बच्चे को ट्राई साइकिल पर बैठकर मां बाप भिक्षा वृत्ति करवा रहे हैं. यहाँ बच्चे के पैर में किसी प्रकार की कोई चोंट नहीं है उसके बावजूद माता पिता ने भीख मांगने के लिए पैर में पट्टी बांधी और भीख मंगवाते दिखाई दिए. आरक्षक ने बच्चे के पैर से पट्टी हटवाई तो वास्तविकता सामने आई. हालांकि की पुलिस ने माता पिता को समझाइस देकर छोड़ दिया।

## खेत में कीटनाशक दवाई छिड़कने से मौत

हरिओम परिहार रिपोर्टर

शिवपुरी । एक व्यक्ति की मौत देवी सिंह जाटव पुत्र शिवचरण जाटव उम्र38 वर्ष मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पहाड़ा खुर्द के ग्राम पहाड़ा कला में एक किसान का लड़का नाम देवी सिंह जाटव जब वह अपने कुआं वाले खेत पर गया था सोयाबीन की फसल में 11:00 बजे के समथिंग इल्ली मारने की दवा देने गया खेत पर तो अचानक उसको सीने में दर्द हुआ और वहीं पर बेहोश हो गया घरवाले नजदीकी हॉस्पिटल रन्नोद लेकर गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया यह देवी सिंह जाटव सोयम बिल्कुल ठीक था लेकिन अचानक उनके सीने में दर्द उठा और बेहोश हो गया उसी समय रन्नोद के



केवट परिवार के एक सदस्य जो समाज सेवा के प्रभावशाली बहुत ही आगे आने वाले श्री मुकेश केवट जी बहुत ही जल्द उनको गाड़ी की व्यवस्था कराई और को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।




## डॉ हेमंत जैन बने यूरोपियन सोसाइटी ऑफ हाइपरटेंसन के सदस्य

पुष्पांजली टुडे

दतिया-डॉ हेमंत जैन , को हाइपर-टेंसन के क्षेत्र में लगभग 10 वर्षो से किये जा रहे उच्च-स्तरीय कार्य के लिए विश्व की सर्वश्रेष्ठ संस्था यूरोपियन सोसाइटी ऑफ हायपर टेंसन के सदस्य बनाये गए हैं। डॉ हेमंत जैन दतिया के मेडिकल कॉलेज में सहायक प्राध्यापक हैं और *हायपर-टेंसन, डायबिटीज और हार्ट* के उपचार में दक्ष हैं। अभी हाल में कोरोना काल में भी डॉ हेमंत जैन ने विशेष ख्याति प्राप्त की थी। अभी डॉ हेमंत जैन दतिया ज़िले के नामी चिकित्सकों में शामिल हैं।

## मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन के नाम धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, STF ने 2 आरोपियों किया गिरफ्तार

भोपाल(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक)

मध्य प्रदेश में मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों में एडमिशन के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश हुआ है. एसटीएफ ने गिरोह के 2 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है. गिरोह ने अबतक देश भर के करीब 150 छात्रों का अपना निशाना बना चुके हैं. करीब डेढ़ करोड़ की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है।

दरअसल, ये आरोपी मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन दिलाने का झांसा देकर छात्रों के साथ ठगी करते थे. गिरफ्तार दोनों आरोपी बिहार के रहने वाले हैं. आरोपी नीट की परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों का वेबसाइट से डेटा खरीदकर उन्हें और उनके परिजनों से संपर्क करते हैं।

एसटीएफ ने आरोपी संदीप करवरिया और दीपक कुमार को बिहार से गिरफ्तार किया है. 2013 से एडमिशन के नाम पर ठगी का गोरखधंधा चल रहा था. आरोपी संदीप और दीपक खुद को असिस्टेंट प्रोफेसर



बताते थे. गिरफ्तार दोनों आरोपी इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके हैं. यह भी बताया जा रहा है कि गिरोह के 6 सदस्य अभी फरार हैं।

बता दें कि शनिवार को दोनों ठगों को पूर्णिया सीजेएम कोर्ट में पेश कर पांच दिन के ट्रांजिट रिमांड पर भोपाल एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) की टीम भोपाल लेकर पहुंची. रीवा जिला के मऊगंज निवासी विवेक कुमार मिश्र ने रीवा पुलिस अधीक्षक को शिकायत की थी कि गांधी मेडिकल कालेज भोपाल एवं लोकमान्य मेडिकल कालेज साइन बाम्बे में बेटे प्रतीक को प्रवेश दिलाने के नाम पर संदीप करवारिया, देवराज मिश्र, चौहान, पोंटिल, राकेश वर्मा पर 36 लाख रुपये की ठगी का आरोप लगाया गया था. आरोपियों ने भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज में एडमिशन के नाम पर अलग-अलग किस्तों में कुल 36 लाख रुपए उनसे ठग लिए. इस शिकायत पर एसटीएफ ने आरोपियों खिलाफ स्न्ढ्ढक्र दर्ज की।

पकड़ में आए दोनों ठगों ने भोपाल एसटीएफ के समक्ष इस बात का पर्दाफाश किया है कि देश के अमूमन हर राज्य में इनके एजेंट हैं। इन एजेंटों का काम मेडिकल कालेज में नामांकन के लिए छात्रों को फंसा कर लाना है. देश के अलग-अलग मेडिकल कालेजों में नामांकन के लिए इन ठगों द्वारा अलग- अलग फीस भी वसूली जाती थी. नामांकन के नाम पर 30 लाख से लेकर 80 लाख रुपये तक लिए जाते थे।

ठगी का आरोपित संदीप पिछले पांच वर्षों से पटना में रह रहा था. इसके पूर्व वह दस वर्षों तक भोपाल में रहकर मेडिकल में नामांकन कराने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का संचालन करता रहा. वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले का रहने वाला है. उसके साथ गिरफ्तार मधुबनी जिले का रहने वाला दीपक कुमार भी कई वर्षों से इस ठगी के खेल में शागिर्द था. भोपाल में रहने के दौरान भी उसने कई छात्रों से नामांकन के नाम पर ठगी की थी।

### जिलाध्यक्ष अशोक दांगी बगदा ने की पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह की आगवानी

## पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ग्वालियर से सड़क मार्ग से दतिया होते हुए शिवपुरी रवाना हुए अपराय में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक दांगी

पुष्पांजली टुडे

इंदरगढ़ । बगदा के नेतृत्व में सैकड़ों साथियों ने जयवर्धन सिंह की अगवानी की और शहर में कई जगह उनका स्वागत हुआ उसके बाद पीतांम्बरा शक्ति पीठ पर मां बगलामुखी के दर्शन किए दर्शन उपरांत शिवपुरी के लिए रवाना हो गए कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक दांगी बगदा,प्रदीप गुर्जर विष्णु गुर्जर,अशोक श्रीवास्तव जिला मीडिया चेयरमैन दतिया,सौरभ राजपूत,नरेंद्र गुर्जर,आशीष तिवारी,गुड्डन यादव परासरी, राजेंद्र दांगी,छत्रसाल सरपंच बनवाली पाल,शैलेंद्र दांगी,महेंद्र प्रजापति जनपद सदस्य,पहलाद दांगी,सुनील



उचाडिया,रमेश पलैया,आली उचाडिया,सुभाष दांगी,पुष्पेन्द्र दांगी,उमेश साहू सिंधबारी,जीतू कुशवाह,विक्रम कुशवाहा,राजकुमार कुशवाहा, स्वामी कुशवाह,भगवत अहिरवार खरगे,बिक्रम दांगी आदि लोगों ने उपराय पहुंचकर पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह का फूल माला पहनाकर एवं नारेबाजी करते हुए बड़े जोस खोस से स्वागत किया

पीतांबरा पीठ पर दर्शन के दौरान सेवड़ा विधायक कुंवर घनश्याम सिंह कांग्रेस जिलाअध्यक्ष अशोक दांगी बगदा सूर्य प्रताप सिंह परमार,पंजाब सिंह यादव,प्रदीप गुर्जर,मोहर सिंह कौरव रामकिंकर गुर्जर,देवेंद्र यादव अजय शुक्ला,केपी यादव,विष्णू गुर्जर,भानु ठाकुर,अभिषेक तिवारी,जिलेदार सिंह गुर्जर,वीके नामदेव,दीपेंद्र पुरोहित,सुरेश झा,नरेंद्र गुर्जर,रामू गुर्जर,बी एल केन,खुमान सिंह बैचेन,रिंकू यादव अमरीश बाल्मीकि,जाकिर मंसूरी, पुष्पराज राजपूत,आनंद चौबे, पेरवेंद्र सिंह गुर्जर,कप्तान सिंह यादव,सौरभ श्रीवास्तव संतोष पाल आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## वैक्सीन जरूर लगवाएं: समाजसेवी सुनील दुबे

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । चौधरी रूपनारायण दुबे समाज कल्याण समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा महा वैक्सीनेशन अभियान में सक्रिय भूमिका निभाते हुए वैक्सीनेशन केंद्र जिला अस्पताल, व्यापार मंडल धर्मशाला, आंगनवाड़ी केंद्र चंबल कॉलोनी में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में कोरोना से बचाव के लिए घर घर जाकर वैक्सीन लगवाने हेतु समझाइश दी और कहा कि 100॒ परसेंट वैक्सीन सुरक्षित है। आप सभी स्वयं सुरक्षित रहकर समाज को भी सुरक्षित रखें सक्रिय टीम में समाजसेवी सुनील दुबे, पुष्पा दुबे , प्रियांशु यादव, सीमा सिंह , प्रमोद दीक्षित,अंकित दुबे,सिवान शर्मा,ने ज्यादा से ज्यादा टीकाकरण कराकर अभियान सफल बनाया ।

## वन-टू-वन

### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा सर्किल सकीट का किया गया अर्दली रुम

# सकीट सर्किल क्षेत्र के थानों पर नवसृजित महिला बीटों की बीट बुकों का किया निरीक्षण

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

एटा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी सकीट कार्यालय में सर्किल सकीट के समस्त थानों थाना सकीट, थाना मलावन व थाना रिजोर का अर्दली रुम किया गया। अर्दली रुम के दौरान महोदय द्वारा समस्त थानों पर लम्बित विवेचनाओं के संबंध में विस्तृत रुप से वार्ता करते हुये लम्बित विवेचनाओं के कारण की समीक्षा की गई एवं अकारण विवेचनाओं को लम्बित रखने को लेकर सख्त हिदायत देते हुए विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही जनशिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जाँच करने व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त महोदय द्वारा शासन की मंशानुरूप थानों पर नवसृजित महिला बीटों पर तैनात पुलिस कर्मियों की बीट बुकों का निरीक्षण किया गया एवं 3 माह से अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए वांछित अभियुक्तों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी करने, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, भूमि संबंधी विवादों का समाधान/थाना दिवस पर राजस्व विभाग के सहयोग से निस्तारित कराने, रात्रि में चौराहे/तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने, पिछले 10 वर्षों में चोरी, लूट, व अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं अवैध शस्त्र रखने वालों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। साथ ही लूट, छिनैती, टप्पेबाजी इत्यादि घटनाओं की रोकथाम हेतु सीमावर्ती जनपदों के बॉर्डर पर नियमित रुप से सघन चेकिंग करने हेतु भी निर्देशित किया गया। वर्तमान में प्रचलित कोरोना महामारी के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाकर कोविड गाइडलाइन्स का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु भी निर्देशित किया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सकीट श्रीमती कमलेश त्रिवेदी व सकीट सर्किल के समस्त थाना प्रभारी एवं महिला बीटों पर तैनात पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

# खजराना गणेश मंदिर प्रांगण में वैक्सीनेशन सेंटरों का मुख्यमंत्री ने किया अवलोकन'

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

### (दिव्यांगों के मुस्कुराते चेहरे बयां कर रहे सुरक्षा के टीके की दास्तां)

इंदौर । मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज इंदौर प्रवास के दौरान टीकाकरण महाअभियान के दूसरे चरण के द्वितीय दिवस पर इंदौर जिले के खजराना गणेश मंदिर प्रांगण पर स्थित वैक्सीनेशन सेंटरों का अवलोकन किया। प्रांगण में एक ही स्थान पर तीन वैक्सीनेशन सेंटर बनाये गये, जिसमें सामान्यजनों के लिये, हाईरिस्क वालों के लिये तथा दिव्यांगजनों के लिये वैक्सीनेशन सेंटर बनाकर नागरिकों को विशेष सुविधा प्रदाय की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सर्वप्रथम प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर पहुंचकर श्री गणेशजीके दर्शन किये एवं पूजा-अर्चना की। इसके उपरांत उन्होंने बनाये गये वैक्सीनेशन सेंटरों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दिव्यांगजनों जिन्होंने कोरोना के विरूद्ध सुरक्षा का टीका लगवाया, उन्हें अभिवादन किया एवं आशीष दिया। दिव्यांगजनों के वैक्सीनेशन सेंटर के अवलोकन के दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिव्यांग सुश्री रेखा मालवीय से चर्चा की एवं टीकाकृत होने पर उन्हें आशीष दिया। इसके साथ ही उन्होंने इमरान अंशारी, दीपू राठौर का भी अभिवादन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मध्यप्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम से भी संवाद किया। उन्होंने टीम के सदस्यों से पूछा कि आपने टीका लगवाया है या नहीं, प्रतिउत्तर पर सदस्यों ने बताया कि हमने टीका लगवा लिया है। यह सुनकर श्री चौहान ने कप्तान सहित सभी सदस्यों को सुरक्षा का टीका लगवाने की शुभकामनाएं दी। अपने सम्बोधन में उन्होंने उपस्थित दिव्यांगजनों, कामकाजी बहनों एवं दिव्यांगों के लिये कोविड वैक्सीनेशन के क्षेत्र में कार्य कर रहे एनजीओ का अभिनंदन करते हुये कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि आप सभी दिव्यांगों के लिये वैक्सीनेशन के क्षेत्र में आगे आकर बेहतर कार्य कर रहे हैं। आज यहां उपस्थित दिव्यांगजनों के मुस्कुराते चेहरे यह कह रहे हैं कि हमने सुरक्षा का टीका लगवा लिया है ÷अब हम सुरक्षित है।

(महती भूमिका के लिये एनजीओ को दिया साधुवाद)

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने एनजीओ को सम्बोधित करते हुये कहा कि आप सभी ने जितने समर्पण एवं निष्ठा के साथ सहयोग दिया, इसके लिये आप धन्यवाद के पात्र है। सभी को तहेदिल से धन्यवाद देता हूं। इंदौर जिले में सामाजिक न्याय एवं निश्शक्तजन कल्याण विभाग तथा संचालित समस्त दिव्यांगजनों, वरिष्ठजनों के हितार्थ कार्यरत 21 संस्थाओं के द्वारा कोरोना काल में कोविड के संक्रमण से बचाव के लिये प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य किया। जरूरतमंद दिव्यांगों एवं वृद्धजनों को समय पर दवाई, खाद्य सामग्री पहुंचाने तथा लॉकडाउन के दौरान प्रदेश के अन्य जिलों में फंसे दिव्यांगजनों को उनके घर तक पहुंच बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। संस्थाएं जैसे आनंद सर्विस सोयायटी, महेश दृष्टिहीन कल्याण संघ, श्री युगपुरूष धाम बौद्धिक विकास केन्द्र सहित अन्य प्रमुख संस्थाओं ने अपना अमूल्य योगदान दिया है।

# भिंड कलेक्टर एसपी ने किया दबोह वैक्सीनेशन सेंटर का किया निरीक्षण

**दबोह(अर्पित गुप्ता)**

भिंड कलेक्टर सतीश कुमार एस एवं एसपी मनोज कुमार सिंह ने वैक्सीनेशन महाअभियान दो के तहत दबोह वैक्सीनेशन सेंटर पर पहुँच कर निरीक्षण किया वही अब तक कितना वैक्सीनेशन हो गया एवं कितना बाकी रह गया इसकी जानकारी लेकर सीएमओ दबोह को जल्द से जल्द वैक्सीनेशन पूर्ण कराने का निर्देश देते हुये कहा कि एक कर्मचारी को वैक्सीनेशन सेंटर पर बैठाकर वैक्सीनेशन करवाये तो वही दूसरे कर्मचारी को गाड़ी में बैठाकर भीड़भाड़ वाले इलाको में ले जा कर वैक्सीनेशन कराया जावे जिससे जल्द से जल्द वेक्सीनेशन पूर्ण हो सके वही उन्होंने इस महाअभियान के तहत सन्देश देते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति वैक्सीन से वंचित रह गए है वह भी जल्द से जल्द वैक्सीनेशन करा कर इस महाअभियान





में हमारा सहयोग करे । इसके साथ ही दबोह के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में बरसात के मौसम में जल भराव की समस्या को लेकर पूछे गये सवाल पर भिंड कलेक्टर ने दबोह सीएमओ बाबू लाल कुशबाह को निर्देश दिए कि अगले दो दिन में इंजीनियर से मिलकर इसका प्रपोज़ल तैयार करे,ताकि इस समस्या से हमेशा के लिये निज़ात मिल सके,इस मौके पर दबोह थाना प्रभारी सहित सभी प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे।इसी के साथ उन्होंने क्षेत्र के कई वैक्सीनेशन सेंटरो का निरीक्षण किया।

### ऑटो मैं बैठ ते समय हुआ हादसा किशोरी की हालत गंभीर

# खेरागढ़ जाते समय ऑटो मैं बैठ ते समय हुआ एक भयानक हादसा मची चीख पुकार

*हादसे में किशोरी हुई घायल, आनन फानन में कराया गया भर्ती, अस्पताल रेफर*

*किशोरी दर्द से परेशान थी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने एक दर्द का इंजेक्शन लगाना भी उचित नहीं समझा*

**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर. पुष्पांजली टुडे**

आगरा । तहसील खेरागढ़ में ऑटो मैं बैठ ते समय भयानक हादसा जिसमें खैरागढ़ से महुआ खेड़ा ऑटो में बैठ ते समय किशोरी संजू परमार पुत्री मुन्नालाल परमार गंभीर रूप से घायल हो गई, आनन फानन में उसको ष्टाष्ट खेरागढ़ ले जाया गया लेकिन वहाँ से किशोरी को आगरा रेफर कर दिया गया है ।आपको बता दें कि तहसील खेरागढ़ में ऑटो पर बैठ ते समय करीब 01꞉30 बजे एक जोरदार एक्सीडेंट हुआ एक्सीडेंट में एक किशोरी जिसका नाम संजू उम्र 22 वर्ष मुन्ना लाल परमार



निवासी महुआ खेड़ा खेरागढ़ गम्भीर रूप से घायल हो गयी। एक्सीडेंट होने के बाद स्थानीय लोगों ने किशोरी को सामुदायक स्वास्थ्य केंद्र खेरागढ़ पर भर्ती कराया और किशोरी की हालत अत्यधिक खराब होने के कारण तथा लड़की के दोनों पैर खराब होने के कारण हालत गंभीर थी इसलिए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वहीं स्थानीय लोगों का कहना है की किशोरी दर्द से परेशान थी परंतु किसी हॉस्पिटल वालों ने एक दर्द का इंजेक्शन भी नहीं लगाया और ना ही उनकी कोई मदद की इससे गुस्साए लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया परंतु समझा-बुझाकर लोगों को हॉस्पिटल से हटाया और किशोरी को जिला अस्पताल के लिए रवाना कर दिया।

# 7 बच्चो को दुकानों से बंधन मुक्त कराया



**सोनू कुमार माथुर, पुष्पांजली टुडे**

एटा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में एवं श्री ओमप्रकाश सिंह अपर पुलिस अधीक्षक, नोडल अधिकारी ए0एच0टी0यू0 जनपद एटा व श्रीमती कमलेश त्रिवेदी क्षेत्राधिकारी सकीट एटा के मार्गदर्शन में श्री वीरेन्द्र कुमार भारती प्रभारी निरीक्षक ए0एच0टी0यू0, श्री यादवेन्द्र विक्रम श्रम प्रवर्तन अधिकारी, श्री हरिओम वर्मा चाइल्ड लाइन कासगंज ने अपनी-अपनी टीमों सहित जनपद में बाल श्रमिकों के चिन्हांकन हेतु अभियान चलाया गया। जिसमें आज 07 बाल श्रमिकों को रेस्क्यू किया गया, जिनमें 02 बच्चे सुभाष मिष्ठान भंण्डार, 01 बच्चा फैसन क्लाथ स्टोर, 01 टीस्लाल किराना स्टोर, 01 बच्चा न्यू पारस पेण्ट, 01 क्लाथ स्टोर गॉधी मार्केट, 01 संजय रामलाल आदि प्रतिष्ठानों से रेस्कयू किये गये बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया बाल कल्याण अधिकारी एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा आवश्यक कार्यवाही करायी जा रही है।

# सीरवी समाज जोधपुर ने किया लूणी विधायक महेंद्र विश्नोई का स्वागत




**पुष्पाजंली टुडे**

जोधपुर ꞉-सीरवी समाज जोधपुर के तत्वावधान में रातानाड़ा स्थित विधायक महोदय के निवास पर आयोजित स्वागत समारोह मे लूणी विधायक महेंद्रसिंह बिश्नोई एवं पूर्व विधायक मलखान सिंह विश्नोई का सीरवी समाज जोधपुर के अध्यक्ष चैनसिंह सीरवी गहलोत, समन्वयक पन्नालाल हाम्बड़ तथा सेवानिवृत मुख्य अभियन्ता गोपाराम सीरवी द्वारा साफा एवं माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान सीरवी समाज पर सदैव कृपा पात्र रहे लोकप्रिय जननायक किसान नेता स्व.श्री रामसिंह जी विश्नोई साब को भी याद किया गया।स्वागत समारोह मे सीटीओ हनुमानजी पंवार, डॉक्टर प्रकाश चौधरी, उपनिरीक्षक महेंद्र कुमार, लेखाधिकारी जी.आर. मुलेवा, शिक्षा अधिकारी टी.आर. सीरवी एवम् सहायक आयुक्त जीएसटी प्रकाश चौधरी के साथ ही सीरवी समाज के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने सरकार के साथ मिलकर कंधे से कंधा मिलाकर परस्पर भाईचारे की सद् भावना के साथ सेवाऐं देने का संकल्प लिया तथा सीरवी समाज के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा मधुबन स्थित सीरवी छात्रावास के विकास हेतु एवं बनाड़ पर निर्माणाधीन श्री आईमाता मन्दिर एवं कोचिंग सेन्टर निर्माण हेतु विधायक महोदय से विशेष सहायता बाबत निवेदन भी किया गया। सीरवी समाज द्वारा आयोजित भादवी बीज महोत्सव पर विधायक महोदय को सादर आमन्त्रित किया गया।

### मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से संबद्ध ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भटमासपुरा के सदस्यों द्वारा मैं कोरोना वॉलिंटियर हू कार्यक्रम के अंतर्गत

# आज आरटीओ ऑफिस में चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान में लोगों को जागरूक कर टीकाकरण के लिए प्रेरित किया और टीकाकरण अभियान में मदद

**अरुण शुक्ला क्राइम ब्यूरो चंबल डिविजन**

पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । मैं कोरोना वॉलिंटियर धर्मवीर यादव ने कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में जन अभियान परिषद द्वारा शासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया गया और सभी प्रकार के सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की गई है और यह बड़े गौरव का विषय है कि हम एक मानव है तो हमें मानवता के लिए कार्य करना चाहिए

श्री धीरेंद्र श्रीवास्तव जी ने कहा कि कोरोना जैसी महामारी को रोकने के लिए टीकाकरण ही एकमात्र ऐसा उपाय है जिसके द्वारा हम सभी सुरक्षित रह सकते हैं और हमें इस महा अभियान में पूरा सहयोग देकर अपने प्रदेश में सभी लोग जल्दी ही वैक्सीनेटेड हो जाए इसके लिए हर संभव मदद करनी चाहिए और जो लोग टीकाकरण




के बारे में भ्रांति फैला रहे हैं उनको भी जागरूक करने का प्रयास करना चाहिए क्योंकि यह वैक्सीन पूर्णता सुरक्षित और कारगर है वैक्सीनेशन महा अभियान में मुख्य रूप से नोडल श्री धीरज शर्मा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के वॉलिंटियर्स श्री उपेंद्र व्यास जी, सीएससी से नीरज कुमार यादव ,डॉक्टर बृजबाला, एएनएम संजू मौर्य, एएनएम ममता उदय आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस लाइन में आयोजित की गई प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों की गोष्ठी एसएसपी एटा ने सिखाया अनुशासन और बेह्तर पुलिसिंग का पाठ

**सोनू कुमार माथुर, पुष्पांजली टुडे**

एटा । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा पुलिस लाइन में प्रशिक्षणाधीन नवागत रिक्रूट आरक्षियों की गोष्ठी की गई। गोष्ठी के दौरान महोदय द्वारा समस्त रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित करते हुए उन्हें पुलिस विभाग में आगमन पर शुभकामनायें दी गई तथा संपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं विभागीय नियमों के विषय में विस्तार से अवगत कराते हुए लगन, परिश्रम व पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर अन्तः व बाह्य विषयों की बारीकियों को सीखकर एक कुशल व सफल आरक्षी बनने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही पुलिस बल में कार्य के





दौरान अनुशासन की विशेष महत्ता पर जोर देकर सभी को उच्च कोटि का अनुशासन का पालन करने हेतु भी निर्देश दिए गए। उक्त सम्मेलन के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री ओमप्रकाश सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी आरटीसी आदि अधिकारीगण भी सम्मिलित हुए।

## नैनो न्यूज

### वैक्सीनेशन महाभियान के द्वितीय दिवस 1250 लोगों को लगाया गया कोरोना से सुरक्षा का टीका



**ग्वालियर।** म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री में आज वैक्सीनेशन महाभियान-2 के द्वितीय दिवस 1250 लोगों को कोविशील्ड एवं कोवैक्सीन के डोज लगाये गये। महाभियान के द्वितीय दिवस भी लोगों ने उत्साह के साथ कोरोना से सुरक्षा का टीका लगवाया। इस अवसर पर चेम्बर भवन में बनाये गये सेल्फी सेंटर पर वैक्सीनेट हुये लोगों द्वारा सेल्फी लेकर भी अपने उत्साह का इजहार किया। एमपीसीसीआई अध्यक्ष विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल द्वारा शहरवासियों से कोरोना से सुरक्षा का टीका लगवाने की अपील की गई है।

### युवक ने जहर गटका

**ग्वालियर।** जिले के डबरा में रहने वाले एक युवक ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रैफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सुरेंद्र रावत ने सुबह के समय अपने घर में जहरीला पदार्थ निगल लिया। जानकारी मिलते ही परिजन उसे सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसके प्राथमिक उपचार के बाद उसे इलाज के लिए ग्वालियर रैफर कर दिया। जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच कर रही है।

### रेलवे चलाएगा निश्शुल्क स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम

**ग्वालियर।** पश्चिम-मध्य रेल जोन निश्शुल्क स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरुआत करने जा रहा है। इसमें दसवीं पास 18 से 35 साल तक के 15-15 युवक-युवतियों को चार ट्रेड में 18-18 दिन की ट्रेनिंग दी जाएगी। हालांकि इस तरह की ट्रेनिंग करने के बाद यह युवक-युवतियां रेलवे में स्थायी नौकरी पाने की दावेदारी नहीं कर सकेंगे।

### चेकिंग में वाहन चोर दबोचा

**ग्वालियर।** उपनगर मुरार थाना पुलिस ने नदी पार टाल क्षेत्र में चेकिंग के दौरान दो बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है जानकारी के अनुसार बीती रात मुरार थाने की पुलिस नदी ताल ताल इलाके में चैकिंग कर रही थी तभी पुलिस को बाइक सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने जब उन्हें रोकना चाहा तो वह भागने लगे ।उसी समय पुलिस ने पीछा कर दोनों बाइक सवार युवक को दबोच लिया ।पूछताछ के दौरान पता चला कि युवकों ने कुछ दिन पहले यह बाइक सिटी सेंटर क्षेत्र से चुराई थी। पकड़े गए युवकों का नाम सियाराम कुशवाह और जीवन प्रजापति बताया गया है । पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है।

### वसूली की रकम हजम कर गया सेल्समैन

**ग्वालियर।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित एक आटे के होलसेल कारोबारी के यहां काम करने वाला सिर्फ मैन बाजार में दुकानदारों से वसूली की गई रकम हड़प गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र में विनोद अग्रवाल की मुरलीधर दाता राम के नाम से होलसेल आटा का काम करने की फार्म में। उनकी दुकान पर राकेश कुशवाह निवासी पाटणकर चौराहा सेल्समैन का काम करता था। सेल्समैन राकेश कुशवाह बाजार में दुकानदारों से वसूली कर पैसे अपने पास रखता गया ।

# प्रभारी मंत्री ने टीका लगवाने वाली महिलाओं का किया स्वागतः वैक्सीन लगवाने वालों का माला पहनाकर खिलाए बिस्किट, डॉक्टरों का भी किया अभिवादन

**ग्वालियर।** ग्वालियर में कोविशील्ड और कोवैक्सीन टीकाकरण के महाअभियान के दूसरे दिन प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट थाटीपुर अस्पताल पर पहुंचे। यहां कोविशील्ड और कोवैक्सीन लगवाने वाले युवक-युवतियों को फूल माला पहनाकर बिस्किट खिलाए। साथ ही, टीका लगाने वाले डॉक्टरों को फूल माला देकर अभिवादन किया। प्रभारी मंत्री शहर के सड़कों व विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए किले पर स्थित दाता बंदी छोड़ गुरुद्वारे पहुंचकर माथा टेक कर दाता बंदी साहब का आशीर्वाद लिया।

**प्रभारी मंत्री ने शहर की जर्जर और सड़क के गड्ढों को देखकर ली अधिकारियों की क्लासः** मध्य प्रदेश के ग्वालियर शहर की सड़कों को लेकर प्रभारी मंत्री और जल संसाधन मंत्री तुलसी राम सिलावट एक्शन के मोड में है। तुलसीराम सिलावट ने कहा है, जर्जर और गड्ढों से भरी सड़कों को 10 दिन के अंदर भरा जाएगा। इसमें किंतु-परंतु बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सड़कों के पेंच रिपेयरिंग का कार्य पूरी क्वालिटी के साथ हो, यह भी ध्यान रखा जाएगा। इसके साथ ही सफाई का मॉडल अब इंदौर तर्ज पर होगा।





**नगर निगम टीम इंदौर जाएगी, वहां का मॉडल पर ग्वालियर में काम करेगी:** ग्वालियर नगर निगम की टीम इंदौर जाएगी। निगम की टीम वहां इंदौर के स्वच्छता के मॉडल को देखेगी। वहीं, मॉडल ग्वालियर में अपनाए जाएगा। इसके साथ ही तुलसीराम सिलावट ने बाढ़ प्रभावित लोगों से सर्वे के नाम पर रिश्वत मांगने वाले पटवारी सरपंच और सचिवों के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। तुलसी सिलावट ने कहा, जो भी दोषी होगा। उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियां शुरु-रोहिणी नक्षत्र में 30 अगस्त को मनेगी जन्माष्टमी

**ग्वालियर।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार 30 अगस्त सोमवार को श्रद्धाभाव के साथ मनाया जाएगा। शहर के सभी प्रमुख मंदिरों मे भी जन्माष्टमी की तैयारियां शुरु हो गई। वहीं बाजारों में भी कृष्ण भक्त ठाकुरजी के लिए वस्स्त्र तथा सजाने का सामान खरदते नजर आ रहे है। जन्माष्टमी पूजा का शुभ मुहूर्त 30 अगस्त की रात को 11 बजकर 59 मिनट से 12 बजकर 44 मिनट तक रहेगा। भगवान विष्णु के 8वें अवतार भगवान श्री कृष्ण का जन्म भादौ मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को हुआ था। इस दिन उनका जन्मोत्सव कृष्ण जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाता है। भादौ माह में ही भगवान श्रीकृष्ण का रोहिणी नक्षत्र के वृष लग्न में जन्म लिया था। 30 अगस्त को रोहणी नक्षत्र व हर्षण योग रहेगा। जिस तरह से श्रावण मास में भगवान शिव की

# आने वाली गणेश चतुर्थी के लिए दो से ढाई फीट की प्रतिमाएं बनाकर कर रहे तैयार, प्रशासन से अब तक कोई गाइडलाइन नहीं



**ग्वालियर।** जिले में इस साल भी जिला प्रशासन द्वारा नए आदेश नहीं आने के कारण गणपति प्रतिमाओं की ऊंचाई ढाई फीट की ही रहेंगी। इसीलिए शहर के मूर्तिकार ढाई फीट की गणेश प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं। शहर के मूर्तिकार बाहर से आने वाले बड़े ऑर्डर भी नहीं ले रहे हैं। मूर्तिकारों को डर है कि मूर्ति बनाने के बाद यदि ऑर्डर देने वाले लोगों ने अगर मूर्ति के कैंसिल कर दिए तो उन्हें एक बड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा। आपको बता दें कि, पूरे भारतवर्ष में बड़े हर्ष उल्लास से मनाया जाने वाली गणेश चतुर्थी इस साल 10 सितंबर 2021 को पड़ रही है। गणेश चतुर्थी पर गणेश भक्त उनकी प्रतिमाएं अपने घरों में स्थापित करेंगे। इसके साथ ही शहर के चौराहों और गली मोहल्लों में गणेश पंडाल लगाकर गणेश प्रतिमाएं भी स्थापित की जाएंगी। इस साल भी जिला प्रशासन के द्वारा समय पर नए आदेश नहीं आने के कारण गणेश मूर्तियां बनाने वाले मूर्तिकार गणेश भक्तों के लिए दो से ढाई फीट तक की गणेश प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं। जिसके कारण मूर्ति बनाने वाले मूर्तिकारों के मन में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

**बनाई गई मूर्तियों को आखरी रूप दे रहेः** गणेश प्रतिमाएं बनाने वाले मूर्तिकारों ने उत्तर प्रदेश के मथुरा, आगरा, झांसी आदि से किए गए बड़ी प्रतिमाओं के ऑर्डर कैंसिल कर दिए हैं। मूर्ति बनाने वाले मूर्तिकारों का कहना है कि बरसात के मौसम के कारण अब मूर्तिया समय पर बनाना और उनका सूखना संभव नहीं है। ऐसे में बड़ी गणेश प्रतिमाएं तैयार नहीं की जा सकती ज्यादातर शहर के मूर्तिकार गणेश चतुर्थी से करीब तीन माह पूर्व से ही गणेश प्रतिमाएं बनाने का काम शुरू कर देते हैं। क्योंकि अब गणेश चतुर्थी आने में कम दिन रहेगा यह इसलिए मूर्तिकार अपने द्वारा बनाई गई गणेश प्रतिमाओं को रंग रोगन कर कर उन्हें फाइनल टच दिया जा रहा है।

**पिछले साल नहीं बिक सकीं थी प्रतिमाएंः** इस बारे में जीवाजी गंज में रहने वाले मूर्तिकार राकेश नागवंशी का कहना है कि पिछले साल के जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए आदेश को मानते हुए उन्होंने गणेश प्रतिमाएं तैयार की हैं। मूर्तिकार राकेश नागवंशी कहते हैं कि पिछले साल कोरोना के चलते उनके द्वारा बनाई गई दो से ढाई फीट की कई गणेश प्रतिमाएं नहीं बिक सकी थी। दो से ढाई फीट की कई प्रतिमाएं अभी भी उनके पास रखी हुई हैं ऐसे में वह बड़ी प्रतिमा बनाकर नुकसान नहीं चाहते हैं कोरोना संक्रमण काल से ही उनकी आर्थिक स्थिति भी बिगड़ी हुई है।


# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निशुल्क ड्राइविंग प्रशिक्षण योजना की शुरुआत

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश की सड़कों पर अब कमर्शियल वाहन चलाती हुई दिखाई देंगी महिला ड्राइवर। इस काम और रोजगार के लिए मध्य प्रदेश के परिवहन विभाग ने बीड़ा उठाया है। आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के तहत परिवहन विभाग की ओर से अनूठी पहल करते हुए महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत हर जिले में चयनित महिलाओं को टैक्सी व अन्य वाणिज्यिक वाहन चलाने का निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। झांसी रोड पर स्थित पॉलिटेक्निकल कॉलेज में महिलाएं को स्वावलंबी आत्मनिर्भर और महिला सशक्तिकरण की मिसाल बने। इस अभियान के लिए मध्यप्रदेश शासन के परिवहन विभाग की निशुल्क प्रशिक्षण देने की योजना के तहत ग्वालियर में भी चयनित महिलाओं को निःशुल्क ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इसके तहत महिलाओं और युवतियों को हल्के चार पहिया वाहन यानी कि लाइट मोटर व्हीकल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे कि महिलाएं स्वावलंबी बन सकें। इतना ही नहीं उनको प्रैक्टिकल और थ्योरी दोनों तरह के प्रशिक्षण दिए जाने का प्रावधान किया गया है। साथी इन सभी महिलाओं के परिवहन निशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस भी बना कर देगा जिसमें महिला प्रशिक्षक बतौर महिला आरटीओ भी अपना योगदान दे रही हैं।



**महिलाओं ने लिया निशुल्क ड्राइविंग प्रशिक्षणः** जहां इस निशुल्क ड्राइविंग प्रशिक्षण योजना के तहत ग्वालियर की 30 महिलाओं को आज से 1 माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसके लिए महिलाएं भी उत्साहित दिखाई दे रही हैं। ड्राइविंग का प्रशिक्षण लेने आई महिलाओं का कहना है कि परिवहन द्वारा महिलाओं के लिए चालू की गई यह योजना एक अच्छी पहल है। इस योजना के कारण हम जैसी महिलाओं को आत्मनिर्भर और रोजगार के काबिल बन सकेंगी।

## राज्यपाल मंगुभाई पटेल का नगर आगमन आज



**ग्वालियर।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल 27 अगस्त को ग्वालियर जिले के दो दिवसीय प्रवास पर पधार रहे हैं। इस दिन प्रातः 10 बजे राज्यपाल मंगुभाई पटेल का नगर आगमन होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल पटेल राजकीय विमान से प्रातः 10 बजे राजकीय विमान से राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पहुँचेंगे। इसके बाद व्हीआईपी सर्किट हाउस मुरार जायेंगे। राज्यपाल पटेल प्रातः 11.50 बजे जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल विहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर पहुँचकर दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे। दीक्षांत समारोह के बाद व्हीआईपी सर्किट हाउस मुरार जायेंगे। राज्यपाल पटेल अपरान्ह 4 बजे सनातन धर्म मंदिर मार्ग पर स्थित माधवराव सिंधिया ऑडिटोरियम में पहुँचकर मध्यप्रदेश चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम के बाद अपरान्ह 4.35 बजे ग्वालियर किले का भ्रमण करने पहुँचेंगे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल 28 अगस्त को प्रातः 11 बजे ग्वालियर से सड़क मार्ग द्वारा घाटीगांव जनपद पंचायत के अंतर्गत मद्दा खो के लिये रवाना होंगे। यहाँ से रवाना होकर दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत बागवाला गाँव के ग्राम अमरगढ़ पहुँचेंगे। राज्यपाल पटेल अमरगढ़ में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की वस्तुस्थिति जानेंगे। साथ ही वृक्षारोपण भी करेंगे। इसी क्रम में अनुसूचित जनजाति वर्ग के एक व्यक्ति के घर पर दोपहर का भोजन ग्रहण करेंगे। राज्यपाल पटेल दोपहर डेढ़ बजे अमरगढ़ से व्हीआईपी सर्किट हाउस मुरार के लिये रवाना होंगे और यहाँ से अपरान्ह 4 बजे विमानतल पहुँचकर वायुमार्ग से भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

# प्रभारी मंत्री सिलावट ने किला स्थित दाताबंदी छोड़ गुरूद्वारा पहुँचकर मत्था टेका

### 400वें शताब्दी वर्ष समारोह में हर संभव सहयोग दिया जाएगा

**ग्वालियर।** प्रदेश के जल संसाधन एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट गुरूवार को ग्वालियर किले पर स्थित दाताबंदी छोड़ गुरूद्वारा पहुँचे और मत्था टेका एवं प्रदेश व देश को कोरोना से मुक्त करने के लिये गुरूजी के चरणों में अरदास की। उन्होंने कारसेवा प्रमुख बाबा सेवा सिंह से मुलाकात कर उनसे भी आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके साथ कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त आशीष तिवारी, जनप्रतिनिधि आशीष प्रताप सिंह, सुधीर गुप्ता एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने सेवा प्रमुख बाबा सेवा सिंह से 4 अक्टूबर से 6 अक्टूबर 2021 को दाता बंदी छोड़ किले पर सिख समाज के छठवें गुरू श्री गुरू गोविंद सिंह जी का 400वाँ शताब्दी समारोह मनाने के संबंध में आयोजित कार्यक्रम के संबंध में चर्चा की। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि आयोजन के संबंध में शासन और प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग किया जाएगा। प्रभारी मंत्री सिलावट ने यह भी कहा कि कोविड-19 के संक्रमण से अभी हम पूरी तरह से मुक्त नहीं हुए हैं। आयोजनों के संबंध में शासन द्वारा जारी गाइडलाइन का भी पालन हम सबको करना जरूरी है। प्रभारी मंत्री सिलावट ने पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के लिये बाबा सेवा सिंह के नेतृत्व में वृक्षारोपण का जो कार्य किया जा रहा है उसके लिये हृदय से आभार प्रकट किया और मध्यप्रदेश को हरा - भरा बनाने के लिये सभी के सहयोग से अधिक से अधिक वृक्षारोपण हो, यह भी जरूरी है। शासन - प्रशासन के साथ-साथ समाज के अन्य लोग भी वृक्षारोपण के क्षेत्र में आगे आएं इसके भी हम सबको प्रयास करना जरूरी है। कलेक्टर ग्वालियर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने आश्वस्त किया कि शताब्दी समारोह में प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। आयोजन के दौरान शासन द्वारा जारी कोविड गाइडलाइन का पालन भी हो यह भी हम सबको ध्यान रखना पड़ेगा। चर्चा के दौरान बाबा देवेन्द्र सिंह ने शताब्दी समारोह के आयोजन की रूपरेखा से अवगत कराया। अंत में कारसेवा प्रमुख बाबा सेवा सिंह द्वारा प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, कलेक्टर कौशलेन्द्र सिंह एवं प्रभारी निगम आयुक्त आशीष तिवारी को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर स्थानीय गुरूद्वारा समिति के अध्यक्ष कोचर के साथ ही आयोजन समिति के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



# राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह एवं कलेक्टर सिंह साडा क्षेत्र के गाँवों में पहुँचे

### शिविर लगाकर किया जन समस्याओं का समाधान

**ग्वालियर।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह एवं कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह की मौजूदगी में गुरूवार को तालपुरा व सौजना में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित हुए। इन शिविरों के जरिए कैंथा, तालपुरा व सौजना सहित साडा क्षेत्र के लगभग एक दर्जन गाँवों की पेयजल व बिजली की समस्या का स्थायी समाधान हुआ। साथ ही राशन वितरण व्यवस्था सहित ग्रामीणों की अन्य समस्यायें भी निपटीं। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह एवं कलेक्टर सिंह ने इस अवसर पर लोगों को कोरोना टीकाकरण के लिये भी प्रेरित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य व विनोद जादौन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बकाया बिजली बिल जमा न होने से पेयजल लाईन से जुड़े ट्रांसफार्मर की बिजली कट गई थी। इस वजह से तालपुरा गाँव में पानी की आपूर्ति में दिक्कत आ रही थी। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि पेयजल लाईन के नए विद्युत कनेक्शन के लिये वे अपनी विधायक निधि से धनराशि मुहैया करायेंगे। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शिविर से मोबाइल फोन के जरिए साडा के सीईओ और विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक से बात की और निर्देश दिए कि जल्द से जल्द तालपुरा सहित अन्य गाँवों की पेयजल आपूर्ति शुरू कर दें। उन्होंने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को मोबाइल फोन से निर्देश दिए कि पेयजल लाइन का विद्युत कनेक्शन जोड़ने के साथ-साथ इस क्षेत्र के सभी खराब ट्रांसफार्मर और विद्युत लाईन दुरूस्त करें। कलेक्टर ने जोर देकर कहा कि यह सभी काम तीन दिन के भीतर हर हाल में हो जाने चाहिए।



**तालपुरा में अब स्व-सहायता समूह बांटेगा राशनः** तालपुरा गाँव की अनुसूचित जाति की महिलाओं द्वारा की गई मांग भी इस शिविर में पूरी हो गई। गाँव की महिलाओं ने राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार भारत सिंह कुशवाह से गुहार लगाई थी कि राशन लेने हमें तिघरा जाना पड़ता है। हमारे गांव में ही राशन वितरण की व्यवस्था कराई जाए। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने इस जायज मांग को पूरा करने के निर्देश मोबाइल फोन से जिला आपूर्ति नियंत्रक को दिए। उन्होंने गाँव के ग्राम संगठन स्व-सहायता समूह को राशन वितरण की जिम्मेदारी सौंपने के निर्देश दिए हैं।

**सौजना में विशेष शिविर लगाकर पात्रता पर्ची बनवाई जायेंगीं :** सौजना गांव के लोगों द्वारा कुछ पात्र परिवारों के नाम पात्रता सूची में न होने की ओर ध्यान आकर्षित कराए जाने पर कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने तहसीलदार को ग्राम सौजना में विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस शिविर में ग्रामीणों की मौजूदगी में पात्रता पर्ची से शेष रहे परिवारों का चयन कर उनका नाम निर्माण श्रमिक व बीपीएल इत्यादि में शामिल कराएँ, जिससे उन्हें राशन मिल सके। कलेक्टर ने इस शिविर में नामांतरण, बंटवारा व सीमांकन सहित अन्य समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश भी दिए।

**गाँव - गाँव में लगेंगीं चौपालः** कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने इस अवसर पर कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं के निदान के लिये जिले भर के गाँवों में विशेष चौपालें लगाई जायेंगीं। इन चौपालों में वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण एवं विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में ग्रामीणों की कठिनाईयां व समस्यायें सुनीं जायेंगीं। साथ ही मौके पर ही समस्याओं का निराकरण किया जायेगा।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478